ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 22 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 139 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

विद्या बालन की फिल्म 'नीयत' का टीजर...

पेज 12 पर



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## पंचायती राज, राजस्व, वित्त एवं खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत

# 2,550 पद हेतु नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज तथा संसदीय कार्य विभाग

**डॉ. रामेश्वर उराँव**
माननीय मंत्री, योजना एवं विकास, वित्त, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

**नियुक्तियों का विवरण -**

पंचायती राज विभाग अंतर्गत
**1,633 पंचायत सचिव**

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत
**707 निम्न वर्गीय लिपिक**

वित्त विभाग अंतर्गत
**166 निम्न वर्गीय लिपिक**

खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत
**44 निम्न वर्गीय लिपिक**



**दिनांक : 22 जून, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे**
**स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 300591 (IPRD) 2023-24

## इक्फाई विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

# शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है योग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी स्थित इक्फाई विश्वविद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्सव के रूप में मनाया गया। रांची विश्वविद्यालय की योग प्रशिक्षक रेणुका कुमारी के मार्गदर्शन में एक समूह योग अभ्यास सत्र परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें कई संकाय सदस्य, विश्वविद्यालय के छात्र और सिमलिया गांव के बिरसा शिशु मंदिर के छात्रों ने भाग लिया। रेणुका कुमारी ने बताया कि कैसे योग वर्तमान कोविड समय के दौरान प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद कर सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को दिन-प्रतिदिन के मानसिक तनाव को दूर करने और खुद को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिए। सत्र




के बाद सभी प्रतिभागियों ने खुद को ऊर्जावान महसूस किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम ₹मानवता के लिए योग₹ के महत्व को समझाते हुए, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रमन कुमार झा ने अपने स्वागत भाषण में कहा, ₹योग का अभ्यास शरीर,मन,आत्मा और चेतना की सामंजस्य बनता है। यह हमें न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से भी खुद को फिट रखने में मदद करता है। योग हमें विभिन्न प्रकार की बाधाओं को तोड़कर एकजुटता लाने और मानवता को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। विश्वविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों डॉ. मनीष कुमार, डॉ. श्वेता सिंह और प्रो. अमर गुप्ता ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## विधायक ने किया स्वास्थ्य उपकेन्द्र का शिलान्यास

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मुरी टुगड़ी पार्क के समीप बुधवार के दिन 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) निधि अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र मुरी के निर्माण कार्य का शिलान्यास सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा किया गया। शिलान्यास के दौरान विधायक ने कहां की स्वास्थ्य उप केंद्र के निर्माण होने से यहां के गरीबों को इलाज कराने में काफी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य की सुविधा समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, आजसू के जयपाल सिंह, सुनील सिंह, ब्रजेश प्रसाद, टी आनंद, मुरी पूर्वी के मुखिया कन्हैया लोहरा, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, उप मुखिया रेनू महतो, सविता पोद्दार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# सोसई आश्रम में सैकड़ों लोगों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर के सोसई आश्रम मैदान स्थित मंदिर परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सैकड़ों की संख्या में विभिन्न विभागों सहित ग्रामीण स्त्री पुरुष एवं बच्चे योग करने के लिए पहुँचे।सभी ने पूरी तन्मयता से योग किया। स्वास्थ, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग आयुष निदेशालय के निदेशानुसार 10 जून से ही योगाभ्यास प्रारंभ किया गया था जिसमें क्रमवार विभिन्न विभागों एवं योगकर्ताओ की सहभागिता सराहनीय रही।कस्तूरबा गांधी बालिका+2 आवासीय विद्यालय, पंडित दीनदयाल कौशल विकास, मांडर रेफरल अस्पताल नर्सिंग स्टाफ, डीलर बन्धु, मांडर पतंजलि परिवार, संकल्प संस्था, छात्रसंघ व एनसीसी मांडर



कॉलेज, सोसई हाई स्कूल होस्टल के छात्रगण, की उपस्थिति एवं सहयोग सेअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यह आयोजन अपनी भव्यता के लिए अविस्मरणीय बन गया।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षक अमरेश सिंह ने मंगलाचरण के पश्चात ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, ताड़आसन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, बज्रासन, उष्ट्रासन, उतानमण्डूकसन, गोमुख आसन, सूर्य नमस्कार आदि कई आसन एवं व्यायाम का प्रशिक्षण कराते हुए शांति का पाठ भी कराया।आयुष चिकिसक डॉ. सरिता ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी आगन्तुक योगकर्ताओं, पतंजलि परिवार,इस आयोजन में सहयोगी योग शिक्षकों, सभी सभी योग प्रेमी भाई बहनों को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि सोसई आश्रम मंदिर परिसर में 10दिन योगाभ्यास के बाद आज यह ऐतिहासिक क्षणआया है।योग निरोग रहने का सबसे सरल माध्यम है।

# सेवा भाव से काम करें : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने चिकित्सकों, एएनएम तथा स्वास्थ्य सहिया बहनों के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आप सभी सरकार के अभिन्न अंग है। आप सभी को लोगो की सेवा देना है। यदि आप गांवों के लोगों को सरकारी नियमानुसार अगर आप इन सभी को सेवा नही दे रहें हैं तो आपको इस पद में बने रहने का कोई फायदा नही। विधायक ने कहा सभी सरकारी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का एक सीमित दायरा होता है। उसका वही दायरा उसकी ताकत होती है। यह सीमित अधिकार एवं कर्तव्य को पहचाने, जानने एवं समझने की जरूरत है। विधायक ने स्वास्थ्य कर्मियों से गांवों, पंचायतों एवं प्रखंड के विकास में अपना सहयोग प्रदान



कर ग्रामीणों की सेवा करें ताकि गांव, पंचायत एवं प्रखंड को विकास के रास्ते में हम सब मिलकर आगे ले जा सकें।इस कार्यक्रम के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मई एवं जून में उत्कृष्ट काम करने वाली सहिया बहनों को बैच लगाकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर कोरोना काल में अपनी एक बड़ी सहभागिता देने वाले सख्शियत को शॉल ओढ़ कर सम्मानित किया। बैठक के समापन के पश्चात विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने डाड़ी पंचायत के डाडी टंगराटोली टोली मे सरना स्थल घेराबंदी का विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना की और नारियल फोड़कर योजना की आधारशिला रखी। इस दौरान विधायक उपस्थित सभी लोगो को सम्बोधित करते हुए झारखंड सरकार के सरकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बतलाया और उसका लाभ लेने को कहा। वहीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने डाडी. के सेमरटोली में वज्रपात की घटना से दादा पोती की मौत के बाद पीड़ित परिवार के सदस्य राज किशोर साहु सहित अन्य लोगों से मिलकर पूरे परिवार को ढांढस बंधाया और घटना पर दुख जताया।

# घर में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू शिवपुरी स्थित चंद्र लक्ष्मी भवन में एक विवाहिता का बुधवार को फंदे से लटका हुआ शव बरामद किया गया है। मृतक का नाम कविता देवी है और वह मूलरूप से पश्चिम बंगाल के आसनसोल की रहने वाली थी। वर्तमान में विवाहिता अपने पति के साथ शिवपुरी चंद्र लक्ष्मी भवन में रह रही थी। पुलिस के अनुसार विवाहिता और उसके पति अजय कुमार के बीच विवाद चल रहा था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इसी वजह से विवाहिता ने आत्महत्या की होगी। मामले की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि कविता के मायके वालों को सूचना दी गई है। सुबह उनके पहुंचने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि कविता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की भी जानकारी मिली है।

### एक साल पहले हुई थी कविता की शादी

पुलिस के अनुसार विवाहिता कविता की शादी अजय कुमार के साथ एक साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही अजय और उसकी पत्नी के बीच अनबन चल रहा था। दोनों के बीच प्रतिदिन झगड़ा हुआ करता था। बताया जा रहा है कि बुधवार को भी कविता और उसके पति के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद अजय अपने काम पर चला गया। कबिता के कमरे का दरवाजा काफी देर तक नहीं हुआ तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो कविता फंदे के सहारे झूल रही थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंची।

## मनी लाउंड्रिंग केसः इजहार अंसारी से आज ईडी करेगी पूछताछ

**रांची।** मनरेगा घोटाले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के करीबी इजहार अंसारी से ईडी आज पूछताछ करेगी। इजहार अंसारी को ईडी ने समन कर 22 जून की सुबह 11 बजे रांची जोनल आफिस पहुंचने को कहा है। ईडी ने इसी साल 3 मार्च को इजहार अंसारी के हजारीबाग स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उसके आवास से तीन करोड़ नकदी बरामद की गई थी। ईडी ने इस मामले में पूर्व में भी इजहार अंसारी से पूछताछ किया था, लेकिन पैसों के स्रोत व कोल आवंटन को लेकर वह सही से जवाब नहीं दे पाया था। ईडी ने जांच में पाया है कि इजहार अंसारी के नाम पर कई हार्ड कोक फैक्ट्रियां है। लेकिन वह कंपनियां सिर्फ कागजों पर ही बनी हैं। असल में उन कंपनियों में काम नहीं होता। ईडी के जांच में यह बात सामने आयी है कि कंपनियों के नाम पर आवंटन करा, कोयला बेच दिया जाता है। इस क्रम में यह बात भी सामने आयी है कि खनन विभाग में पूजा सिंघल की पोस्टिंग के दौरान उनका करीबी सीए सुमन कुमार ने इजहार अंसारी से भी पैसों की वसूली की है।

## विपक्षी एकजुटता के अभियान पर बाबूलाल ने नीतीश पर साधा निशाना

**रांची।** बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की एकजुटता को लेकर नीतीश कुमार ने बैठक बुलायी है। इस बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शिरकत कर रहे हैं। भाजपा विरोधी दलों के बीच एकजुटता की कोशिश में लगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने घेरा है। उन्होंने बुधवार को कहा कि बिहार में जंगलराज और चरवाहा महाविद्यालय के संस्थापकों के साथ गठजोड़ करने वाले नीतीश कुमार अब बंगाल की अलोकतांत्रिक, संविधान विरोधी और तानाशाह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को साथ जोड़ने की कवायद कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति और मुस्लिम प्रेम के कारण बंगाल को हत्याओं का प्रदेश बनाने वाली निर्दयी मुख्यमंत्री से नीतीश जी क्या सीखना चाहते हैं?जो अपने राज्य में बहुसंख्यक समाज की भावनाओं पर कुठाराघात करता हो, दंगाइयों - बलवाइयों को खुलेआम संरक्षण देता हो, पशु तस्करों और घुसपैठियों को अपनी पार्टी का पदाधिकारी बनाते हो, ऐसे मुख्यमंत्री से नीतीश जी क्या प्रेरणा लेंगे? बंगाल का दीदी मॉडल बिहार में लागू करेंगे?या माल्दा - मुर्शिदाबाद वाले लोकतांत्रिक प्रयोग से नीतीश कुमार प्रभावित हो गए?

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली बुंडू रोड के शीतल छाया लाइन होटल के समीप मंगलवार की रात 8:30 बजे के लगभग एक अज्ञात ट्रेक्टर की चपेट मे आने से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये एवं एक युवक की मौत हो गई। बाइक पर तीन युवक सवार थे।जानकारी के अनुसार बासुडीह निवासी ब्रजेश्वर महतो, रमापति महतो और वैजनाथ महतो तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर रांची से बासुडीह अपने घर आ रहे थे।इसी क्रम मे शीतल छाया लाइन होटल के समीप अज्ञात ट्रेक्टर की चपेट मे आ गये जिसमें वैजनाथ महतो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं दो युवक ब्रजेश्वर महतो, रमापति महतो गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी को प्रशासन की मदद से सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया जहाँ डॉ द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल युवकों को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया एवं मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया।

## डीपीएस रांची में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीपीएस रांची में बुधवार को 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने विवेकानंद सभागार में एकत्रित होकर योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में पद्मासन, योगमुद्रा, वक्रासन, वज्रासन, ताड़ासन और अर्धचक्रासन जैसे विभिन्न आसन किए। छात्रों ने सांस लेने की प्रक्रिया से संबंधित व्यायाम का अभ्यास करने का ज्ञान भी प्राप्त किया। एनसीसी कैडेट्स (3 झारखंड गर्ल्स बटालियन और 3 झारखंड बटालियन) ने भी इस अवसर पर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं योग से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारिया प्राप्त की एवं विभिन्न योग आसन भी सीखे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, डॉ राम सिंह ने कहा, ह्ययोग सिर्फ व्यायाम ही नही, यह शारीरिक इन्द्रियों तथा प्रकृति के साथ एकता स्थापित करने का सशक्त साधन है। निरंतर योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक व आध्यातमिक जीवन को निश्चित रुप से सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

## योग से मिलती है शांति : निर्मला बहन

**रांची।** राजयोग से मानसिक तनाव, उलझन, अशांति व रोगों से मुक्ति मिलती है। आत्मिक संतुष्टि, एकाग्रता, दृढता निर्णय एवं परखने की शक्ति में वृद्धि होती है। यह योग कुछ क्षणों का नहीं है बल्कि जीवन को श्रेष्ठ, दिव्य आदर्शमय बनाने का सुगम मार्ग है। एकाग्रता व ईश्वरीय दुआओं की तभी आवश्यकता होती है जब जीवन तनाव ग्रस्त हो। उन्होंने कहा इस सदी में तनाव और बढेगा इसलिए इसका सामना करने व कम करने की विधि को अपनाना होगा। कर्म और योग का सन्तुलन, साधना व साधनों में संतुलन, भावना विवेक में बैलेन्स निश्चित सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। तनाव मुक्ति के कुछ टिप्स बताते हुए उन्होंने कहा जीवन की हरेक घटना में किसी न किसी रूप से लाभ होता है। सदा लाभ के बारे में ही सोचें। आज का दिन आपके हाथ में है आज आप रचनात्मक कार्य करेंगे तो कल की गलती मिट जायगी और भविष्य में भी लाभ होगा।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में योग दिवस समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने विद्यालय परिसर में सामूहिक योग प्रदर्शन करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 का भव्य आयोजन किया। छात्रों ने इस वर्ष के योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग को ध्यान में रखते हुए सामूहिक योग सत्र आयोजित किए। उन्होंने आपस में एकता की भावना स्थापित करने के लिए योग किया। छात्रों की योग क्षमता को देखने के लिए इन्टरहाउस योग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें यजुर्वेद एवं ऋग्वेद हाउस के विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया। योग प्रदर्शन में विद्यालय के प्रधानाचार्या एवं अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया। योगदा सत्संग सोसाइटी के स्वामी



निष्ठानंदजी के द्वारा बी. के. बिरला सभागार में ध्यान सत्र भी आयोजन किया गया। कुल मिलाकर, यह एक ऐसा दिन था जिसने हमें एक संतुष्टिदायक, संतुलित और एकाग्रचि×ा जीवन जीने के लिए अपने शरीर और दिमाग को स्वस्थ रखने की आवश्यकता की याद दिलाई। स्कूल के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के सफल आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक योग सत्रों के सफल आयोजन की सराहना की। उन्होंने योग के माध्यम से हमारे शरीर और दिमाग को संतुलित व एकाग्र रखने की आवश्यकता की पुष्टि के रूप में स्वयं योग प्रदर्शन में भाग लिया।

## संत माईकल (+ 2) स्कूल मुरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**मुरी।** संत माईकल (+ 2) स्कूल मुरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर कक्षा नौवी से कक्षा बारहवी तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया ।आयोजित योग - शिविर में विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने अपने पी.टी. शिक्षक वाहिद अली, मिथिलेश महतो एंव प्रशांत गोराई के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। इस मौके पर योग निंद्रा, नाड़ी शोधन प्राणयाम, भ्रामरी प्राणायाम, शशांकासन, वृक्षासन आदि योग का अभ्यास किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने कहा कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं तथा योग से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदे भी बहुत होते है । स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री सी. एल., प्रजापति ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम का एक प्राचीन अभ्यास है। योग अभ्यासों में शारीरिक व्यायाम जिन्हें 'आसन' कहा जाता है, श्वास तकनीक और ध्यान शामिल हैं। योग मन शरीर और आत्मा के बीच सामान्य कल्याण और सामजस्य को बढ़ाने का प्रयास करता है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएँ संयुक्ता सिंह देव, रमेश गोराई, सुशील कुमार, सपना दत्ता, मनीषा सिंह, शिल्पी भगत, रीना साहू, सीमा कुमारी आदि मौजूद थे।

**योगाभ्यास** रांची के साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान में योग दिवस मनाया गया

# योग करें स्वस्थ रहें : राम सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता के तत्वावधान एवं झारखंड सेवा समिति, रांची के संयोजन में साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान में नवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज के इस कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित कर किया गया । पहले सत्र में सुबह 7:00 बजे से लेकर 7:45 तक योगा अभ्यास का कार्यक्रम में रांची जिला योग संघ के प्रशिक्षक आकाश कुमार गिरि एवं निर्भय कुमार के द्वारा प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राम कुमार सिंह उपस्थित हुए और उन्होंने भी योगाभ्यास किए और हर एक व्यक्ति को योग से जुड़ने के लिए और योग करने के लिए प्रेरित किए। दूसरे सत्र का कार्यक्रम योग पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का था। मुख्य अतिथि श्री राम कुमार सिंह प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहे योग हम सबों को स्वस्थ रख सकता है और विभिन्न प्रकार के बीमारियों से हमें बचा सकता है इसलिए हम सब योग करें और कराएं। इस आयोजन में योगाभ्यास के द्वारा योग के विभिन्न प्राणायाम ,आसन ,ध्यान के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए योग बताए गए। सर्वप्रथम आलोम विलोम उसके बाद सुर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। उसके बाद आसान कराया गया। खड़े रहकर करने वाले आसन में ताड़ासन, अर्ध चक्रासन, अर्धकटी चक्रासन, त्रिकोणासन, वीर भद्रासन, और उतानसन का अभ्यास कराया गया। वहीं जमीन पर लेट कर भुजंगासन, वध कोणासन, धनुरासन, जानू शीर्षासन, भारद्वाज आसान, सर्वांगासन और पश्चिमोतासन का योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता, कार्यक्रम समिति सदस्य झारखण्ड चन्द्र देव सिंह ने किया।

# आचार्यकुलम परिसर में योग दिवस आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आचार्यकुलम परिसर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है। इसमें विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाएँ छात्र-छात्राएँ , सभी सदस्य तथा अभिभावकों ने बढ़-चढ़ भाग लिया। सभी उत्साह और उमंग के साथ योग कर रहे थे। योग मंच का संचालन साध्वी देवेष्टि जी कर रहीं थीं। वह योगाभ्यास के साथ-साथ योग के सभी आसनों का महत्व भी बखूबी बताती जा रहीं थीं। योग - भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, जिसका प्रसार पूरे विश्व में हो रहा है । देश और विदेशों में योग के प्रसार का श्रेय श्रेष्ठ योग गुरु परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज जी को जाता है। भारतीय योग गुरुओं ने विदेशी जमीन पर योग की उपयोगिता और महत्व के बारे में लोगों जागरूक किया है। आज दुनिया भर में योग को लोग अपने जीवन में शामिल कर रहे हैं। योग आसनों के अभ्यास से स्वस्थ मन और तन की प्राप्ति होती है। आज की तत्कालीन परिस्थितियों में योग करना अत्यंत आवश्यक है। सभी को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग करें। योगाभ्यास शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति देता है। अतः सभी संकल्पित हो कि हम सभी प्रतिदिन योग करेंगे और अपने -आप को स्वस्थ रखेंगे।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 22 जून 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 139 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

विद्या बालन की फिल्म 'नीयत' का टीजर... पेज 12 पर



## मुख्यमंत्री युवाओं को आज सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

### पांच विभागों के 2500 से अधिक पदों पर होगी नियुक्ति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। वे मोरहाबादी मैदान में राज्य के पांच प्रमुख विभागों पंचायती राज, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग व वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग में युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। पंचायती राज विभाग और जिला प्रशासन समारोह की तैयारी कर रहा है। पंचायती राज विभाग में जिला स्तरीय नियुक्ति होनी है जबकि अन्य विभागों में राज्य स्तरीय नियुक्तियां की जाएंगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से अनुशंसित नवनियुक्त 1633 पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। रैंकिंग के अनुसार नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा। इसके अलावा वित्त विभाग में कोषागार पदाधिकारी और निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति होगी। अन्य विभागों में भी नौकरी दी जायेगी। सबसे कम नियुक्ति पत्र खाद्य आपूर्ति विभाग में 35 लोगों के बीच वितरित किया जायेगा। भू-राजस्व में लगभग 750, वित्त में 150 युवाओं को नियुक्ति मिलेगा। कुल 2500 से अधिक पदों पर नियुक्ति पत्र वितरित की जाएगी। पंचायती राज विभाग के सचिव राजीव अरुण एक्का ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के लिए सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है। सचिव ने कहा कि वे सुनिश्चित कराएं कि 22 जून को सारे पंचायत सचिव समारोह स्थल में उपस्थित हों। इससे पूर्व सारी कागजी प्रक्रिया भी पूर्ण करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि 2017 में ही राज्य कर्मचारी चयन आयोग से इनकी नियुक्ति की अनुशंसा की गयी थी लेकिन कार्मिक विभाग के एक पत्र की वजह से नियुक्ति रुकी हुई थी। अब विभाग ने सरकार की अनुमति के बाद नियुक्ति पर लगी रोक को हटा दिया है। इसके बाद ही नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

**इन जिलों में दिया जायेगा योगदान पत्र**

गढ़वा-74, पलामू-74, लातेहार-29, चतरा- 62, हजारीबाग- 117, कोडरमा- 53, गिरिडीह- 121, देवघर- 52, गोड्डा- 80, साहेबगंज-58, पाकुड़- 34, दुमका- 72, जामताड़ा- 39, धनबाद- 89, बोकारो-152, रामगढ़- 94, लोहरदगा- 25, गुमला- 34, रांची- 81, सिमडेगा-22, प.सिंहभूम- 82, सरायकेला-खरसावां- 47, पूर्वी सिंहभूम- 109।

## योग शरीर-मन दोनों को स्वस्थ बनाता है : राज्यपाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि योग भारत का दुनिया को एक अमूल्य उपहार है। योग एक ऐसा साधना है जो शरीर को ही नहीं, मन को भी स्वस्थ बनाता है। योग के माध्यम से व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास होता है। राज्यपाल बुधवार को राज भवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कल की ही बात है पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस के अवसर पर मैंने देखा कि एक वृद्ध महिला को चलने में कठिनाई हो रही है, मैंने उनसे पूछा कि क्या आपको दर्द हो रहा है, वह बोली मुझे कोई दर्द नहीं है और मैं मानसिक बल के कारण इस समारोह में आई हूं। राज्यपाल ने कहा कि योग से हम स्वतः स्फूर्त होकर बिना व्यवधान के लगातार कार्य करने में सक्षम होते हैं। योग से शरीर के जोड़ की शिथिलता समाप्त होती है, उनमें रक्त संचार बढ़ता है और वे ज्यादा सक्रिय होकर कार्य करती है। योग को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर इसके कद को ऊंचा करने में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेखनीय और सराहनीय योगदान है। उनके प्रयास से आज पूरा विश्व पूरे उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान, पूरी दुनिया ने हमारे योग अभ्यासों को अपनाया और यह संक्रमित व्यक्तियों के उपचार में कारगर साबित हुआ। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अन्य को भी प्रेरित करने के लिए कहा। योगाभ्यास करने वाले शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। जो करें योग, वह रहें निरोग।

## NEWS इन ब्रीफ

### अमीषा पटेल को 10 जुलाई को सशरीर हाजिर होने का निर्देश



**रांची।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट का आवेदन दाखिल किया और सशरीर हाजिर होने में असमर्थता जाहिर की। उन्होंने याचिका में कहा है कि मोहाली में उनका एक बेहद जरूरी कार्यक्रम है, जिसके कारण वह सशरीर कोर्ट के समक्ष हाजिर नहीं हो सकती। अमीषा पटेल की इस याचिका का विरोध अजय सिंह के अधिवक्ता स्मिता पाठक ने किया। अमीषा के आवेदन पर सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अमीषा को अंतिम मौका देते हुए अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 10 जुलाई निर्धारित की है।

### हाईकोर्ट ने वीसी कोटे से नामांकन पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंदा सेन ने बुधवार को विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में चल रहे वाइस चांसलर कोटे से दो सीटों के नामांकन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। मोहम्मद अख्तर की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पाया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में गैरकानूनी प्रैक्टिस चल रही है। सामान्य कोटे से दो सीटों को काटकर उसे वीसी कोटा का नाम देकर खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा था। लगभग सभी विभागों में दो सीट वीसी कोटा के माध्यम से बिना किसी प्रक्रिया के नामांकन लिए जाते थे। ऐसे में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने तत्काल प्रभाव से वीसी कोटे से नामांकन पर रोक लगा दी है।

### हथौड़े से कर दी थी पति की हत्या, अदालत ने सुनाई उम्रकैद

**रांची।** रांची के अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने पति की हत्या की आरोपी पत्नी को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वारदात रांची के रातू थाना क्षेत्र में हुई थी। मरियानुस टोप्पो और उनकी पत्नी मरियम के बीच अक्सर झगड़ा होता था। 14 मई 2019 को मरियानुस टोप्पो शराब के नशे में झगड़ा कर रहा था, तब पत्नी ने हथौड़े से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक के भाई की पत्नी सुषमा लकड़ा ने इस वारदात को लेकर एफआईआर दर्ज कराई थी। गवाहों और सबूतों के आधार पर अदालत ने मरियम टोप्पो को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

### मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग व ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा की, कहा

# सड़क निर्माण में तेजी लाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में नए सड़क निर्माण एवं पुराने सड़कों के पुनर्निर्माण योजनाओं को ससमय पूरा करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण कार्य विभाग राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क का पुनर्निर्माण कार्य आने वाले 1 वर्ष के भीतर पूरा करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के सड़क, पुल- पुलिया जो जर्जर स्थिति में है उसे प्राथमिकता के तौर पर लेते हुए मरम्मतीकरण कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य पर प्रमुखता के साथ फोकस रखें। ग्रामीण कार्य विभाग वैसे सड़क जो महत्वपूर्ण संस्थान जैसे प्रखंड मुख्यालय, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेलवे स्टेशन, बस डिपो, महाविद्यालय/ विद्यालय, पंचायत कार्यालय, विभिन्न हाट बाजार, स्वास्थ्य उपकेंद्र इत्यादि को जोड़ती है वैसे सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किए जाने वाले सड़कों के लिए एक सॉफ्टवेयर वेस्ट मेकैनिज्म तैयार करें। ग्रामीण कार्य विभाग के साथ मिलकर पथ निर्माण विभाग नेटवर्क रोड बनाने तथा उनकी संख्या बढ़ाने एवं चिन्हितकरण हेतु एक सॉफ्टवेयर बेस्ड कार्यप्रणाली तैयार करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग सड़कों पर स्थापित टोल टैक्स केंद्रों पर मैनुअल टोल टैक्स की प्रथा को बंद कर फास्टैग सर्विस अनिवार्य रूप से लागू करे।

**गुणवत्तापूर्ण सड़कें बनाना सरकार की प्राथमिकता है**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण और अच्छी सड़कें बनाना सरकार की प्राथमिकता है। सड़कों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क बनाने के समय स्टोन, चिप्स सहित अन्य उपयोग की जाने वाली सामग्रियों का जांच अवश्य हो यह सुनिश्चित की जाए। अधिकारी राइडिंग क्वालिटी चेकिंग मशीन का भी उपयोग सुनिश्चित करें। जहां जरूरत पड़े वहां नई तकनीक का भी उपयोग अवश्य करें। सड़क निर्माण कार्य में फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। नई सड़क एवं पुरानी सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मतीकरण के लिए डीपीआर एवं टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाएं। पुनर्निर्माण कार्यों के लिए चिन्हित रोड का फोटो तथा वीडियो अनिवार्य रूप से सॉफ्टवेयर में अपलोड करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम जनसंख्या वाले गांव में भी एप्रोच रोड का निर्माण अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग प्रत्येक महत्वपूर्ण रोड का डिजिटल हिस्ट्री बुक तैयार करे।

बैठक में ग्रामीण कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, सचिव विनय कुमार चौबे, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख मुरारी भगत, अभियंता प्रमुख (आरईओ) के.के. लाल, चीफ इंजीनियर (यातायात) राजेश कुमार सिंह, ईसी (एनएच) वाहिद कमर फरीदी, चीफ इंजीनियर (सीडीओ) उमेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## क्षेत्र सुखाड़ की क्षतिपूर्ति को मांगे 9600 करोड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हीट वेब को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया के साथ बुधवार को हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्र सरकार से पूर्व घोषित सुखाड़ की क्षतिपूर्ति राशि मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सुखाड़ के एवज में केंद्र से क्षतिपूर्ति राशि के तौर पर 9600 करोड़ झारखंड को मिलने थे। यह राशि अब तक विमुक्त नहीं की गयी है। इसके लिए सहयोग मिले। बैठक में बन्ना गुप्ता ने कई प्रमुख मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि लू और वज्रपात को राष्ट्रीय आपदा में शामिल किया जाना चाहिये। लू या शीतलहर के कारण हुई मृत्यु के दौरान मृत्यु का कारण को स्पष्ट करना आवश्यक है। केंद्र को इसके लिए स्पष्ट दिशा निर्देश उपलब्ध कराना चाहिये। आगजनी के प्रकार को परिभाषित किया जाए कि वह प्राकृतिक आग है या मानव जनित। सभी जिलों में आपदा मित्र की स्वीकृति दी जानी चाहिये। आपदा प्रबंधन द्वारा राज्यांश निर्गत करने की अवधि की अधिसीमा को बढ़ाकर 15 दिनों की बजाए 60 दिनों का कर दिया जाए। इस मौके पर आपदा प्रबंधन सचिव अमिताभ कौशल, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, एनएचएच निदेशक भुवनेश प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

### न्यूयार्क में पेट्रोलिंग के लिए रोबोट का होगा इस्तेमाल

## रोबोट के कंधों पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी

**आरएनएम। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/एआई वाला रोबोट अब पुलिस का काम करेगा। पुलिस का कामकाज रोबोट संभालेंगे। ट्रैफिक से लेकर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी रोबोट पुलिस पर होगी। तब तो भविष्य में पुलिस कर्मियों की संख्या बहुत ही कम हो सकती है। चौंकिए मत- न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट ने ऐलान किया है कि उनकी तरफ से शहर में पेट्रोलिंग के लिए रोबोट का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं, सिंगापुर ने ऐलान किया है कि वो चांगी एयरपोर्ट पर ऑटोनॉमस पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक रोबोट पुलिस कैमरे, सेंसर, सायरन से लैस होंगे।



मालूम हो कि कि सिंगापुर पिछले पांच साल से इन रोबोट्स के साथ ट्रायल रन कर रहा है। पुलिस रोबोट करीब पांच फुट लंबा होगा। इसमें कई कैमरे लगे होंगे, जिससे 360 डिग्री व्यू मिलेगा। ऐसे में पुलिस अधिकारी देख पाएंगे कि आखिर जमीन पर क्या हो रहा है। इसके अलावा पुलिस रोबोट में बिल्ट-इन स्पीकर होगा। साथ ही माइक्रोफोन की सुविधा होगी। ऐसे में रोबोट से बातचीत भी की जा सकेगी।

### बकोरिया मुठभेड़

## सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई 27 जुलाई को

**रांची।** बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ पीड़ित पक्ष की याचिका पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। अब मामले में 27 जुलाई को सुनवाई होगी। उस दिन मुठभेड़ में मारे गए लोगों के परिजनों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई होगी। पूर्व में पीड़ित पक्ष ने सीबीआई के क्लोजर को चुनौती देने के लिए याचिका दायर करने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग कोर्ट से की थी। सीबीआई के एसडीजेएम प्रवीण उरांव के कोर्ट ने पूर्व में सीबीआई की ओर से मामले में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है।

## ईडी ने विष्णु अग्रवाल से नौ घंटे से अधिक की पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बड़े कारोबारी व न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से ईडी ने बुधवार को नौ घंटे से अधिक पूछताछ की। विष्णु अग्रवाल दिन के 11.15 बजे ईडी के रांची जोनल आफिस पहुंचे थे। ईडी आफिस में अधिकारियों ने उससे चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की डील फर्जी कागजातों के आधार पर किए जाने के संबंध में सवाल पूछे। वहीं विष्णु अग्रवाल से प्रेम प्रकाश से कारोबारी रिश्तों को लेकर लंबी पूछताछ हुई। प्रेम प्रकाश की चेशायर होम रोड की लैंड डील में भूमिका सामने आयी है। इस खरीद के मनी ट्रेल में डेढ़ करोड़ से अधिक रुपये प्रेम प्रकाश ने लिए थे। ईडी ने पूछताछ के दौरान जमीन कारोबार से जुड़े कई दस्तावेज विष्णु अग्रवाल से लिए, इस जमीन के दस्तावेजों का सत्यापन ईडी कराएगी। ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि प्रेम प्रकाश के कहने पर जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले अफसर अली ने एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री प्रेम प्रकाश के दोस्त पुनीत भार्गव को की थी। इस जमीन को बाद में पुनीत भार्गव ने विष्णु अग्रवाल को बेची। जमीन की डील के बाद पुनीत भार्गव ने डेढ़ करोड़ से अधिक राशि प्रेम प्रकाश को दी थी।

**अफसर को भी मिलने थे डेढ़ करोड़**

**विष्णु** अग्रवाल ने जिस जमीन की खरीद की थी, उस डील में अफसर अली को भी डेढ़ करोड़ मिलने थे। यह पैसा उसे प्रेम प्रकाश से लेने थे। लेकिन बाद में 3.81 एकड़ के एक प्लाट को रिस्ट्रिक्टेड लिस्ट से हटाने के लिए उसने प्रेम प्रकाश की मदद ली थी। प्रेम प्रकाश ने तब फोन पर तत्कालीन डीसी छवि रंजन को प्लाट नंबर 891, 893 के 1.32 एकड़ को रिस्ट्रिक्टेड लिस्ट से हटाने को कहा था। काम होने के बाद एक करोड़ रुपये छवि रंजन को मिलने थे, जिसका समायोजन चेशायर होम रोड के 1.50 करोड़ रुपये से होना था।

## एटीएस ने किया भोला पांडेय गिरोह के चार गुर्गों को गिरफ्तार

**रांची।** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने भोला पांडेय गिरोह के चार अपराधियों को बरियातू से गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए बरियातू थाना क्षेत्र स्थित डीएन ग्रांड में छापेमारी करते हुए भोला पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी पश्चिम बंगाल निवासी सुधीर कुमार उर्फ टप्पू, सिकिदरी निवासी सुबोध कुमार साहू, नामकुम निवासी टिंकू सिंह और राजेश झा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक नाइन एमएम पिस्टल, छह नाइन एमएम की जिंदा गोली, दो मैग्जीन, दो कार, नौ मोबाइल फोन और 39 हजार रुपये नकद बरामद किया है।

### अमित शाह से मिले जीतन राम मांझी, एक साथ चुनाव लड़ने पर बनी सहमति

# अब 'हम' बनी एनडीए का हिस्सा

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन से अलग होने के बाद हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मांझी ने एनडीए के साथ जाने की घोषणा कर दी। जीतन राम मांझी बुधवार को दोपहर के बाद अमित शाह के आवास पहुंचे। शाह और हम के नेताओं के बीच करीब 45 मिनट की बातचीत हुई। इसके बाद हम एनडीए का हिस्सा बन गई।

मुलाकात के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन ने कहा कि हमारी पार्टी 'हम' आज से एनडीए के साथ है। उन्होंने कहा कि बिहार की 40 में से 40 लोकसभा सीटें एक साथ मिलकर एनडीए की झोली में देने का काम करेंगे।



सुमन ने दावा करते हुए कहा कि हमारी पार्टी के विलय की बात कहकर महागठबंधन से बाहर होने की बात कही गई? इसका खामियाजा आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में दिखाई देगा। उन्होंने महागठबंधन को कमजोर करने का सारा दोष जेडीयू के नेता ललन सिंह को देते हुए कहा कि महागठबंधन दिखावे का खोखला गठबंधन है। इसमें दो ही दल का अपना चलता है, महागठबंधन में बाकी की कोई पूछ नहीं है। बता दें कि पार्टी सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने दावा किया है कि अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी कम से कम 5 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और ऐसी 15 सीटें हैं जहां उम्मीदवार खड़ा करने की क्षमता रखती है।

इधर महागठबंधन की ओर से भी 23 जून को पटना में होने वाली विपक्ष की सबसे महत्वपूर्ण बैठक के कार्यक्रम का शिड्यूल तैयार हो गया है। इसमें शामिल होने के लिए देश के बड़े राजनीतिक दिग्गजों के आने का सिलसिला गुरुवार से ही शुरू हो जाएगा। सबसे पहले पहुंचने वालों में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के नाम शामिल हैं।

## वंदे भारत एक्सप्रेस का 27 को पीएम करेंगे उद्घाटन

### हफ्ते में छह दिन चलेगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदेभारत ट्रेन का उद्घाटन 27 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करेंगे। यह ट्रेन पटना से हटिया तक चलेगी। रेलवे इस रूट का दो बार ट्रायल कर चुका है। इसकी समय-सारिणी की भी घोषणा जल्द होगी। रेलवे मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में मंगलवार को छोड़कर छह दिन चलेगी। ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह सात बजे खुलेगी और दोपहर एक बजे रांची और 1.20 बजे हटिया स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन हटिया स्टेशन से शाम 3:55 बजे खुलेगी और शाम 4:10 बजे रांची स्टेशन पहुंचेगी। पांच मिनट की स्टॉपेज के बाद शाम 4:15 बजे पटना के लिए रवाना हो जाएगी। यह रात 10:10 बजे पटना पहुंचेगी। ट्रेन 6.15 घंटे में 385 किमी की दूरी तय करेगी। इसकी औसतन स्पीड 61 किमी होगी। समय-सारिणी स्वीकृति होते ही ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# योग स्वस्थ जीवन जीने की कला : विधायक





नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद द्वारा 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज योगाभ्यास, योग रैली और योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पतंजलि योग समिति धनबाद के सहयोग से भूली नगर स्थित योग केंद्र पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक, धनबाद राज सिन्हा के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। राज सिन्हा, योग समिति के प्रखण्ड प्रमुख श्री अशोक कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय, पूर्व वार्ड पार्षद रंजीत कुमार और जन प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों का अंग वस्त्र और पौधा देकर विधिवत स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री राज सिन्हा ने कहा कि पूर्व में भारत विश्व गुरु रहते हुए दुनिया को हर क्षेत्र में कुछ न कुछ दिया है। वर्तमान में हम देखें तो योग जीवन जीने की सबसे लाभदायक पद्धति है जिसे भारत ने विश्व को दिया है, और इसे आज के समय में वैश्विक पटल पर प्रसारित करने में हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विशेष योगदान है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हम शौच, आहार, कार्य, पूजा पद्धति आदि की तरह अगर योग को भी अपने दैनिक जीवन में शामिल कर लें तो कई तरह की बीमारियों जो आज कल सभी आयु वर्ग में आम हो गई हैं - जैसे शुगर, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन, आदि सबसे बचे रहेंगे। स्थानीय पतंजलि योग समिति के प्रभारी अशोक कुमार गुप्ता ने योग और पतंजलि के परस्पर संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग क्रिया, निरोगी काया पाने का सबसे सफल तरीका है। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, सीबीसी धनबाद श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने सभी को इस वर्ष आयोजित नौवें योग दिवस के विशेष थीम योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम एवं हर आंगन योग के संबंध में जानकारी दी। आज सुबह कार्यक्रम स्थल पर योग शिक्षकों द्वारा लोगों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, जैसे आसनों से योगाभ्यास कराया गया।

## धनबाद : डीसी-डीडीसी ने किया योग



**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून की सुबह धनबाद में हुई बारिश ने जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में खलल डाल दिया. सिंफर ग्राउंड की जगह सिंफर सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डीसी संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निर्मला सिन्हा एवं सिंफर के प्रभारी निदेशक जेके सिंह आदि शामिल हुए और योगाभ्यास किया. डीसी ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय पद्धति है, जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है. योग के माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है. उन्होंने लोगों से इसे दिनचर्या में शामिल करने की अपील की, ताकि हमेशा स्वस्थ जीवन जी सकें. योग प्रशिक्षक रुद्र नारायण यादव और उनके सहयोगियों ने शिविर में आए लोगों को अर्ध चंद्रासन, भुजंगासन, बाल आसन, मर्जरी आसन, पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन समेत अन्य आसनों का अभ्यास कराया. शिविर में एडीएम विधि व्यवस्था कमलाकांत गुप्ता, जैप कमांडर, रेल एसपी, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर कुमार पांडेय समेत कई पदाधिकारी एवं कर्मी शरीक हुए. हालांकि अचानक हुई बारिश की वजह से एसएसपी, सिटी एसपी समेत कई आला अधिकारी कार्यक्रम में नहीं भाग ले सके.

## बोकारो : निरोग रहने के संकल्प के साथ बेरमो कोयलांचल में मना योग दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को बेरमो कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया. सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं सहित राजनीतिक दल के नेताओं व कार्यकताओं ने योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया. गोमिया के सवांग स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में उत्साह पूर्ण ढंग से योग दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत हवन व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई. प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार शर्मा ने योग को दैनिक जीवन में शामिल करने का संदेश दिया. शिक्षक एसएन राय ने योग के महत्व के बारे में बताया. शिक्षिका रिचा कुमारी ने सभी बच्चों को ध्यान कराया. शिक्षक निर्मल बेहूरा ने सभी को हार्दिक बधाई दी. इधर, फुसरो के सीसीएल ऑफिसर्स क्लब मकोली में शांति श्याम फाउंडेशन के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया. यहां शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि संतोष महतो और महेंद्र चौघरी आदि मौजूद थे. दूसरी ओर अनपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर में प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने योगाभ्यास कराते हुए योग से निरोग रहने का संदेश दिया.

## बाबा साहब की मूर्ति स्थापना को लेकर रखी गई नींव



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** करियातापुर के बाराटांड़ के मुख्य द्वार पर बाबा संविधान निमार्ता बाबा साहब की मूर्ति स्थापना को लेकर नींव पूजन किया गया. कार्यक्रम लक्ष्मण राव की अध्यक्षता और लक्ष्मण अंबेदकर संचालन में हुआ. जिसमे बतौर मुख्यातिथि अधिवक्ता पारस शरण देव शामिल हुए. मौके पर सैकड़ो की संख्या में करियातपुर सहित आस पास के सात आठ पंचायत से सर्वसमाज के लोग उपस्थित रहे. नींव पूजन बाबा साहब के चित्र के समक्ष पुष्पांजली और मोंबलती जलाकर किया गया. साथ ही पांच ईट से को कर मूर्ति निर्माण कार्य का श्री गणेश किया गया. मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेदकर भारत सहित विश्व के लिए मानवता वादी समानता के मार्ग दर्शक थे. इनकी मूर्ति यह संदेश देता है कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जो पूरे दुनिया को बदल सकता है. बाबा साहब किसी जाति या धर्म विशेष के नही बल्कि पूरे देश के धरोहर है. वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री राव ने कहा कि कि बाबा साहब की मूर्ति समता समानता और संघर्ष का के साथ शिक्षित बनने का संदेश देता है. संचालनकर्ता श्री अंबेदकर ने बताया कि मूर्ति लगाने से यह संदेश जाएगा कि सभी मानव एक है, हम किसी व्यक्ति विशेष की नही बल्कि एक महामानव की पूजा करते है, इसलिए एक बनो, नेक बनो और स्मतामुलक समाज का निर्माण करो. कार्यक्रम में महेंद्र रविदास, दिनेश रविदास, रोहित कुमार, सुनील कुमार, रामेश्वर रविदास, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार दास, सुनील आनंद, सुरेंद्र भगत, दीपक दास, संतोष कुमार, मंटू कुमार, लोकेश दशरथ रविदास, विशुन रविदास, विजय पंडित, पिंटू ठाकुर, मुकेश कुमार, गोपी राम, छोटी राम भुइयाँ, हीरालाल हांसदा, विजय कुमार, शंकर रविदास, संजय दास, विकय, केशो, सोनू, रवि, संदीप, बाबूलाल मुर्मू शमसेर दुलारा मोहन कुमार बासु, नारायण हांसदा, राजेश, हेमंत, रामजी रविदास, सुरेंद्र पासवान, मनोज, विनय दास, सूरज पासवान, अंकित, छोटन, विकाश आदि उपस्थित थे.

## स्कूल रुआर 2023 कार्यक्रम को लेकर बीआरसी बरकट्ठा में कार्यशाला संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के निदेर्शानुसार प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में स्कूल रुआर 2023 कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईईओ किशोर कुमार तथा मंच संचालन शिक्षक यमुना साव ने की। इस निमित्त प्रमुख रेनू देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,उप प्रमुख सुरजी देवी, अजप्ता सचिव रामकिशुन महतो, सीआरपी रामकृष्ण पांडेय,शिक्षक युगल ठाकुर ,छत्रु प्रसाद ,रियाजुद्दीन अंसारी, सिंपल कुमारी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात बीईईओ के द्वारा कार्यक्रम से संबंधित विषय प्रवेश कराया गया तथा स्कूल रुआर 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत 6 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति कर प्रखंड को जीरो ड्रॉप आउट करना है ।कहा कि बरकट्ठा प्रखंड में बच्चों के ड्रॉपआउट की संख्या जीरो है ,जो हम सबों के लिए गौरव की बात है। कहा कार्यक्रम की अवधि कुल 20 दिनों की होगी जो 16 जून से 15 जुलाई तक निर्धारित है ।वहीं विद्यालय स्तर पर 22 जून को एसएमसी सदस्यों, अध्यक्ष ,अभिभावक ,सीआरपी व जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की जाएगी एवं कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दी जाएगी । कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख, बीडीओ, बीस सूत्री अध्यक्षता, अजप्ता सचिव, मुखिया, सीआरपी, शिक्षक आदि ने संबोधित कर अपने मंतव्य दिए।

## जगरनाथ रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, हरे रामा, हरे कृष्णा के भजन पर झूमे भक्त



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गैड़ा में केंदुआ- लालोडीह मोड से तुर्कबाद होते हुए गैडा में नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में इस्कॉन संस्था की तरफ से दो दिवसीय 20 व 21 जून को रथ यात्रा कार्यक्रम 3 बजे से 7 तक आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि इस्कॉन द्वारा एक नए भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जहां संध्या में भागवत कथा के साथ-साथ महा प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी शामिल हुवे। मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा हरे राम हरे कृष्ण का भजन करने से जीवन में सुख समृद्धि एवं शांति की प्राप्ति होती है हर लोगों को यह भजन श्रद्धा पूर्वक करना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति भावना जागृत होती है। वही जिप सदस्य कुमकुम देवी ने कहा 4 वर्षों से यहां जगन्नाथ रथ यात्रा निकाला जा रहा है जो हम लोग के लिए काफी सौभाग्य की बात है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि श्याम प्रसाद, उप मुखिया चंद्रदीप पांडे, नटराज गौरांग दास प्रभु, टहल प्रभु, झारखंडी प्रभु, महादेव प्रभु, सिकन्दर प्रभु, प्रकाश प्रभु, सनी प्रभु समेत सैकड़ों भक्तजन उपस्थित थे।

### छात्र शाहनवाज हत्याकांड में मुन्ना दोषी करार, सजा 23 जून को

**धनबाद।** इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग झरिया के कक्षा दो के छात्र शाहनवाज की चाकू गोदकर हत्या के 29 वर्ष पुराने मामले में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने 21 जून बुधवार को आरोपी चिरकुंडा निवासी मुन्ना मियां उर्फ मुश्ताक अंसारी को हत्या का दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा पर सुनवाई के लिए 23 जून की तारीख तय की है. प्राथमिकी मृत छात्र शाहनवाज के पिता शराफत हुसैन की शिकायत पर झरिया थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 12 मार्च 94 को बालक शाहनवाज स्कूल गया था. जब वह वापस लौट रहा था तो एम्बेसेडर कार से मुन्ना उर्फ मुश्ताक, लड्डन वाहिद उर्फ नन्हे और आफताब ने उसका अपहरण कर लिया और शाम के 5:06 बजे चिरकुंडा स्थित दामोदर नदी के पास ले गया. बच्चे को गाड़ी से उतारा और चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी. पिता ने आरोप लगाया था कि हत्या से पूर्व आरोपी उससे 50 हजार रंगदारी की मांग करते थे.

## डीईओ ऑफिस में छात्रों ने किया विरोध-प्रदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** जिले के डिग्री कॉलेजों में इंटरमीडिएट नये सत्र में एडमिशन बंद होने के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले छात्रों ने बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया. इस दौरान परिषद की ओर से एडमिशन बंद किये जाने के खिलाफ और शुरू करने के समर्थन में नारे भी लगाये गये. इस इस क्रम में परिषद के जिला संयोजक गौरव साहू ने कहा कि यदि 11वीं में दाखिला जल्द प्रारंभ नहीं किया गया, तो तो विद्यार्थी परिषद लगातार आंदोलनरत रहेगा. सुबह करीब नौ से दोपहर दो बजे तक छात्र धरना-प्रदर्शन करते रहे. आंदोलनकारी छात्र जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिल कर अपनी मांग रखना चाहते थे. लेकिन वे आवश्यक बैठक में शामिल होने गयी थीं. अतः उनकी अनुपस्थिति में जिला शिक्षा अधीक्षक ने छात्रों से बात की. परिषद की ओर से बताया गया है कि जिला शिक्षा अधीक्षक ने दो दिन में छात्रों की मांग पर जैक के निर्णय से अवगत कराने का आश्वासन दिया है. इसके बाद छात्र जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से लौटे. धरना-प्रदर्शन में बापन घोष, विवेक झा, अभिषेक कुमार, कार्तिक झा, शुभम राज, प्रियांशु राज, अमन

## योगाचार्य किसुन दास ने कई जगहों पर करवाया योगाभ्यास





**बरही ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर परगोरिया करमा निवासी और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के योग प्रशिक्षक किसुन दास ने विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास करवाया. उन्होंने बताया कि योग स्वस्थ जीवन के लिए नितांत आवश्यक है. इससे तन तंदुरुस्त और मन स्वस्थ रहता है. प्राचीन काल में भी ऋषि-मुनियों ने योग क्रिया की मदद से लंबी उम्र तक स्वस्थ जीने का काम किया. कोरोना काल में भी योग ने लोगो को इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद किया और कई लोग सुरक्षित और संरक्षित रहे. इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में नियमित अपनाना चाहिए. इस अवसर पर उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल बरही, पंचायत भवन गोरिया करमा, एच एस सी कुंडवा, चंपाडीह, भंडारा आदि स्थानों पर योगाभ्यास करवाया. इस दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, प्रमोद श्रीवास्ता, पंकज कुमार, बिजेंद्र कुमार, प्रह्लाद कमार, सी एच ओ पूर्णिमा ग्रूम, बिंदिया कुमारी, सी एच ओ संतोष कुमार, तोमर कुमार, अमित कुमार सिंह, मृत्युंजय चौरसिया, एएनएम पुष्पा कुमारी, निर्मला सिंह, अनिता कुमारी इत्यादि ने भाग लिया.

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पदमा प्रखंड अंतर्गत इटखोरी मोड़ स्थित पुल के समीप बुधवार को सड़क हादसे में बाइक चालक राजेंद्र मेहता की मौत हो गई. राजेंद्र चतरा के मयूरहंड स्थित सोकी निवासी नागेश्वर मेहता के पुत्र थे. वह इटखोरी मोड़ से बरही की ओर जा रहे थे. तभी हजारीबाग की ओर से आ रहे ट्रेलर एचआर 38 यू 5410 ने बाइक चालक को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे के बाद चालक ट्रेलर लेकर फरार हो गया. वहीं बाइक चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. इधर जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था. दुर्घटना की सूचना मिलने पर पदमा पुलिस और अंचलाधिकारी मो. मुजाहिद अंसारी घटनास्थल पर पहुंचे. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया.

### कौशल मेला सह सम्मान समारोह में मंत्री सत्यानंद भोक्ता हुए शामिल

# हर युवा को रोजगार उपलब्ध कराया जाए : मंत्री



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता ने बुधवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल में कौशल मेला सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सर्वप्रथम कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के विभिन्न राज्यों में रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए अन्य को उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। मंत्री द्वारा कौशल विकास की दिशा में झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक युवा को रोजगार उपलब्ध कराया जाए इसके लिए विशेष योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कौशल विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए सरकार द्वारा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में संचालित योजनाओं को और भी कारगर तरीके से धरातल पर उतारने के संबंध में कई सुझाव दिया। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कोरोना सहित विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों व इसके माध्यम से राज्य वासियों को हुए लाभ पर प्रकाश डाला । उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं उन्हें अच्छी तरह से धरातल पर उतारा जाए एवं सभी योग्य युवाओं व अन्य को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन ने रामगढ़ निरंतर कार्य कर रहा है। वहीं मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं अन्य अतिथियों के द्वारा कौशल विकास के तहत विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पाने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया।





# रांची के मेकॉन स्टेडियम में हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राजकीय कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज देश दुनिया में योग के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। झारखंड में भी इस दिन को बेहद उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। झारखंड के लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रिमझिम बारिश के बीच भी लोग योग करते रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राजकीय कार्यक्रम रांची के मेकॉन स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा विधायक समरीलाल, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, औषधि नियंत्रक ऋतु सहाय, आयुष निदेशक डॉ फजलुस समी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और एनजीओ से जुड़े स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान रिमझिम मानसूनी बारिश के फुहारे भी पड़ रहे थे। लेकिन लोग योग करते रहे। सीएम हेमंत सोरेन भी इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे, लेकिन किन्हीं कारणों से वे शामिल नहीं हो सके। इसलिए उनके प्रतिनिधि के तौर पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर योग दिवस के राजकीय कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण के बाद राज्य योग सेंटर की योग एक्सपर्ट डॉ अर्चना ने मेकॉन स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया। बीमारियों पर काबू पाने का कारगर तरीका है योग- बन्ना गुप्ताः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के झारखंड के राजकीय कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वस्थ, समृद्ध और उन्नत झारखंड बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि योग ऐसी विधा है जो ना सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मनुष्य को स्वस्थ रखता है। ऐसे में हर दिन योग करना बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना काल के बाद यह देखा गया है कि हृदय रोग, ऑर्थराइटिस, अस्थमा सहित कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ी हैं। ऐसे में योग इन सभी बीमारियों पर काबू पाने का कारगर तरीका हो सकता है।

हमसे अधिक विदेश में लोग योग के दीवाने-मिथलेश ठाकुरः वहीं झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि योग भारत वर्ष की प्राचीन पद्धति है, जिसके बल पर हम स्वस्थ रह सकते हैं। विडंबना है कि हम से ज्यादा विदेशों में योग हो रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दिनचर्या में योग को शामिल करें। एक दिन योग कर लेने से इसकी भूमिका खत्म नहीं हो जाती, हर दिन योग करना चाहिए। देश का दूसरा योग स्टूडियो रांची में बना- महुआ माजीः योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं झामुमो नेता और राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में आयुष और योग का तेज गति से विकास हुआ है। जितना विकास पिछले 03 वर्षों में हुआ है, उतना विकास पहले नहीं हुआ। महुआ माजी ने कहा कि किसी कारणवश मुख्यमंत्री भले ही इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए हों, लेकिन उनकी प्राथमिकता में योग और आयुष रहा है। महुआ माजी ने कहा कि झारखंड में भारत का दूसरा योग स्टूडियो बना है, जिससे योग घर घर पहुंचेगा। यह खुशी की बात है। आयुष को विकसित करने पर सरकार का ध्यान-अपर मुख्य सचिवः इस मौके पर राज्य के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान आयुष को विकसित करने पर है। यही वजह है कि राज्य में आयुष का बजट बढ़ाया जा रहा है। पिछले वर्ष जहां 130 करोड़ का बजट था, वहीं इस वर्ष इसे 159 करोड़ का किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 745 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चल रहे हैं। दो धनवंतरि अस्पताल तथा कई धनवंतरि क्लीनिक खोले जा रहे हैं। राज्य के 10 जिलों में पंचकर्म चिकित्सा केंद्र खोलने की प्रक्रिया चल रही है। आयुष की दवाइयां बड़े पैमाने पर खरीदी गई हैं।

## बीजेपी ने राज्य भर में मनाया योग दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर झारखंड बीजेपी ने राज्यभर में कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य कार्यक्रम रांची के हरमू में आयोजित हुआ। जहां बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित सभी प्रमुख नेता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश के सभी 513 सांगठनिक मंडलों में योग दिवस मनाया गया। रिमझिम बारिश के बीच आयोजित योग दिवस के मौके पर भाजपा नेताओं ने पतंजलि योगपीठ के सहयोग से योग किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातनी योग को देश ही नहीं पूरे विश्व में स्थान दिलाया है। कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वसुधैव कुटुंबकम के तहत योग को पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस के रूप में स्थापित किया है। जिससे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने लोगों से जुड़कर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से योग को विश्व भर में पहचान मिली है। झारखंड में योग को बढ़ावा देने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता लगातार लगे हुए हैं। इस मौके पर संयोजक दीनदयाल वर्णवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव ने लोगों को रोग मुक्त करने का जो बीड़ा उठाया है वह प्रशंसनीय है, इससे करोड़ों लोग स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम है थीमः योग दिवस का थीम वसुधैव कुटुंबकम है। बीजेपी द्वारा राज्यभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। हरमू पटेल मैदान रांची में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, महामंत्री कर्मवीर, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा शामिल हुई। बीजेपी विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गिरिडीह में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास जमशेदपुर स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावे प्रदेश और जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

## योग एक जीवन शैली है : बासुदेब दास

**रांची।** सीआईपी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामान्य योग अभ्यास (प्रोटोकॉल) एवं मानसिक स्वास्थ्य में योग की उपयोगिता पर बुधवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। बहिरंग विभाग में रोगियों और उनके देखभाल करने वालों के लिए मानसिक बीमारी में योग के महत्व पर एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सीआईपी के निदेशक डॉ. बासुदेब दास ने योग के महत्व और उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि योग एक जीवन शैली है और हमारी सांस्कृतिक विरासत है। योग को दिनचर्या में अपनाना चाहिए। योग आत्मा और परमात्मा को जोड़ने के साथ शरीर और मन से भी संबंध रखता है। अपने शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण है। डॉ. संजय कुमार मुंडा ने योग के विभिन्न पहलुओं को रखा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में योग हमारी जीवनशैली से दूर होता जा रहा है। इसलिए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, ताकि योग योग का अभिन्न अंग बन सके। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम याददाश्त क्षमता में सुधार कर सकते हैं और दैनिक दिनचर्या को सकारात्मक रूप से प्रभावी बना सकते हैं। सत्यानंद योग मिशन रांची के सन्यासी मुक्तिरथ ने कहा कि आज के युग में योग हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जो शारीरिक स्वास्थ्य जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय की समस्याओं और अवसाद, चिंता, तनाव जैसे मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। समस्या को ठीक रखने के साधन के रूप में उपयोग किया जा रहा है। सत्यानंद योग मिशन रांची के तत्वावधान में सन्यासी मुक्तिरथ के मार्गदर्शन में आचार्यों ने संस्थान के पुरुष एवं महिला विंग के रोगियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं को कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया।

## बकरीद को लेकर केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बकरीद को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। रांची समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी, रांची राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी बुण्डू अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात एचबी जमां, संबंधित पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं विभिन्न शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्यौहार मनाने की बात कही गयी। बकरीद के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर पूर्व के अनुभवों को साझा करते हुए अपनी-अपनी बातें रखीं और सुझाव दिये।

### दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ उद्घाटन

# 'बिना वैज्ञानिक अनुसंधान के किसी को भी दोषी न बनायें'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को डीआईजी अनूप बिलथरे ने दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन किया। पुलिस ड्यूटी मीट 23 जून तक चलेगा। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर रेंज के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा के पुलिस पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे, रांची एसएसपी किशोर कौशल के अलावे ग्रामीण एसपी नौशाद आलम सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को अपराध अनुसंधान के गुर सिखाना है। वर्तमान में अपराध का दायरा इतना अधिक बढ़ गया है कि बिना वैज्ञानिक अनुसंधान के किसी को भी दोषी करार देना काफी मुश्किल काम है। साथ ही जांच के दौरान भी साक्ष्य जुटाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान बेहद जरूरी होता है। पुलिस ड्यूटी मीट में पुलिसकर्मियों को सहायक निदेशक, राज्य आगंतुक ब्यूरो नीरज सहाय, सहायक निदेशक, एफएसएल रांची डॉ अमित कुमार, सीआईडी श्वान दस्ता प्रभारी एतवा उरांव, सीआईडी कुजरी जामुदा और सुनील कुमार यादव प्रशिक्षण देंगे। सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट में अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता, पुलिस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी कंप्यूटर साक्षरता और एंटी सबोटेज चेक के विषय पर जानकारी दी जाएगी और लिखित परीक्षा ली जाएगी। इसमें जो विजय होंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।



## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए घर-घर जाएंगे बीएलओ

**रांची।** मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और सूची का सत्यापन घर-घर जाकर किया जाएगा। सभी बीएलओ को हर घर का दो बार भ्रमण करना होगा। इस दौरान घरों पर स्टीकर भी लगाना होगा। जिन लोगों की उम्र एक जुलाई और एक अक्तूबर 2023 को 18 वर्ष हो रही है, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। इसके लिए फॉर्म छह भराया जाएगा। त्रुटि दूर करने के लिए फॉर्म आठ का इस्तेमाल किया जाएगा। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाताओं को जागरूक करने का आग्रह किया, ताकि मतदाता सूची की त्रुटि दूर की जा सके। उपायुक्त ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को कंट्रोल टेबल अद्यतन कराने का निर्देश दिया।

## मतदाता सूची को स्वच्छ व त्रुटिरहित बनाए अधिकारी : डीसी



**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने आगामी चुनावी वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर चुनाव की तैयारी से संबंधित विशेष संछिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 एवं पुनरीक्षण से पूर्व के कार्यक्रम के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक पर चर्चा करते हुए निम्न निर्देश दिया। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राँची द्वारा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड, राँची द्वारा निर्गत निदेशो का विस्तार पूर्वक विश्लेषण करते हुए कहा कि चुनाव कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तीन महत्वपूर्ण स्तम्भ होते हैं। (1) राजनीतिक दल,(2) भारत निर्वाचन आयोग (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, एवं (3)आम नागरिक। इन तीनों की भूमिका मतदान में महत्वपूर्ण होती जो मतदान को सफल बनाती हैं। उपायुक्त राँची, ने निर्देश देते हुए कहा कि बीङ्गएलङ्गओङ्ग द्वारा घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करें। उन्हें प्रत्येक घर पर दो बार भ्रमण करते हुए बीङ्गएलङ्गओङ्ग स्टीकर चस्पा करना हैं, जिसमें नए मतदाता जिनकी आयु 01 जुलाई एवं 01अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हैं। वे अपना नाम मतदाता सूची में अपना नाम प्रपत्र-6 के माध्यम से पंजीकरण करा सकेंगे।

### जेवियर इंस्टीट्यूट में योग दिवस पर कार्यशाला आयोजित

रांची। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी), बरगवां, नामकुम, रांची में योग कार्यशाला का आयोजन किया गयाक इस अवसर पर योग को लेकर जागरूकता एवं इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गईककार्यशाला में शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारियों समेत 70 लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लियाक कार्यक्रम के दौरान संस्थान के कोऑर्डिनेटर डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे एवं प्रभारी प्राचार्य राज कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

### डीएवी कपिलदेव में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

रांची। डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू रांची में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने योगासन का अभ्यास किया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि आज पूरे विश्व के 192 देशों के लोग एक साथ योगाभ्यास कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि योग प्रत्येक दिन करना चाहिए तथा हर दिन कम से कम 1 मिनट का ध्यान अवश्य करना चाहिए। विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक सह योग प्रशिक्षक त्रिपुरारी कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर वज्रासन, ताड़ासन, हलासन ,वृक्षासन ,पद्मासन जैसे कई आसनों का अभ्यास कराया। योगासन कार्यक्रम में एनसीसी के बच्चों ने भी भाग लिया।

### आजसू पार्टी का संकल्प दिवस 22 को

**रांची।** आजसू पार्टी 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी। संकल्प दिवस को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गुरुवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने बुधवार को कहा कि संकल्प दिवस के अवसर पर सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गुरुवार को हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में मिलन समारोह का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे।

### रक्षा | पशुपालन निदेशालय के तहत बैठक आयोजित

# गौ हत्या निषेध कानून का सख्ती से होगा पालन : राजीव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पशुपालन निदेशालय हेसाग हटिया रांची स्थित सभागार में झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और उपाध्यक्ष राजू गिरी ने बुधवार को प्रभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और गौ माता के पूजन एवं शंखध्वनि के साथ हुआ। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से गौ पूजन किया । साथ ही आयोग के सचिव डॉ मनोज कुमार की ओर से भी प्रभार ग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की गई। मौके पर राजीव रंजन प्रसाद ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पहले संगठन के कार्यों को पूर्ण लगन से करता रहा हूं अब गो माता की सेवा का मौका मिला है। आयोग में मेरी उपलब्धता हमेशा रहेगी। गो माता की सेवा के लिए नियमावली के तहत आयोग से हर संभव मदद का प्रयास करेंगे। राज्य की सभी गौशालाओं के पदाधिकारी और गो सेवकों को मैं अस्वस्थ करना चाहता हूं कि राज्य में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मैं गौ सेवा आयोग से हर संभव मदद कराने के लिए हर समय उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा कि गो हत्या निषेध कानून का पूरे राज्य में सख्ती के साथ पालन हो। सरकार के साथ समन्वय बैठा कर यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। राज्य की सभी गौशालाओं का भ्रमण करूंगा और आयोग से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी गौशालाओं के पदाधिकारियों के साथ साझा करूंगा। इससे गौशालाओं को लाभ मिले गायों को उपयुक्त मात्रा में भोजन मिले। मौके पर उपाध्यक्ष ने कहा कि राज्य में गौशालाओं को गौ सेवा आयोग से हर संभव मदद कराने के लिए तत्पर रहूंगा । गौशालाओं की गोचर भूमि की रक्षा करना मेरा सबसे बड़ा दायित्व रहेगा। गो सेवा आयोग जिन गौशालाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ है। उन सभी गौशालाओं को नियम के साथ आयोग से मिलने वाली सब सुविधा समय पर दी जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।



## आयुष विभाग का सात दिवसीय योग काउंट डाउन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे आयुष विभाग के सात दिवसीय योग काउंट डाउन कार्यक्रम के सातवें और अन्तिम दिन के पहले सत्र में सुबह छह बजे से आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योगा प्रोटोकोल का अभ्यास कराया गया जिसमें लगभग 300 से ज्यादा महिला पुरुष और स्कूल के बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जारी किए गए योगा प्रोटोकोल के अनुसार अभ्यास किया। सत्र में योगा प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर करने वाले आसन, बैठ कर करने वाले आसन, पेट के बल लेट कर करने वाले आसन, पीठ के बल लेट कर करने वाले आसन कराए गए। प्राणायाम में नाड़ी शोधन, कपालभाति, शीतली एवं भ्रामरी का अभ्यास कराया गया। उसके बाद शवासन कराया गया और अंत में ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम मे कल्याणी और बंटी ने सहायक की भूमिका निभाई। आज का कार्यक्रम राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में उत्तम, कमलेश, देवेंद्र, अशीष, रंजन, बबीता, विकास, मरियम, अनीता, आरती, ने सहायक की भूमिका निभाई। राजयोग केंद्र रांची की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने समापन समारोह में सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आभार व्यक्त किया।

# रथ यात्रा पर निकली कलश यात्रा, हनुमान मंदिर का मना स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** शहर के अड्डी बंग्ला रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के 62 वां स्थापना दिवस सह रथ यात्रा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया ओर संवारा गया।कलश यात्रा मे राधे राधे,भगवान जगरनाथ की जय, भगवान बलभद्र की जय,बहन सुभद्रा की जय की नारों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। इसमें मुख्य रूप से कोलकत्ता के आचार्य पतांजलि शर्मा के आलावा राकेश चौधरी,डिम्पल चौधरी,अंकित चौधरी उर्फ लवली,निपुर चौधरी, राजकुमार चौधरी शामिल हुए। मंदिर कमिटी के शंकर लाल चौधरी एवं पुजारी राम प्रवेश पाण्डेय ने बताया कि रथ यात्रा के दिन आज से 62 साल पहले मंदिर का निर्माण किया गया था। और इस मंदिर मे प्रत्येक सप्ताह संगीतमय भजनों के अलावा रथ यात्रा, हनुमान जन्मोत्सव, कृष्णजन्मोत्सव, रामनवमी जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।कलश यात्रा मे राम चौधरी, सुशील चौधरी, विनोद कुमार, किशन कुमार, रंजीत कुमार, कैलाश कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार, सुरेश कुमार, पंकज कुमार, श्याम कुमार,अनूप कुमार, अनिल कुमार, अर्जुन चौधरी, मनोज कुमार, रचना चौधरी, सुनीता चौधरी, मीना देवी, ममता देवी, कविता देवी, सुनीता देवी, अंकिता देवी, संतोष देवी, सीमा देवी, कुसुम देवी, नीतू देवी, मीरा खाटूवाला, सारिका लड्डा, मधु अग्रवाल, प्रेम देवी चौधरी, आशा सर्राफ, बबिता कंन्दोई, सीमा पाटोदिया, गायत्री देवी बजाज, कुसुम ढेलिया सहित कई श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

# स्कूल रुआर-2023 को लेकर कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल रुआर-2023 को लेकर बुधवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर भवन में किया गया।16 जून से 6 जुलाई तक चलाए जा रहे इस अभियान के तहत 6-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों को स्कूलों में नामांकन कराने का लक्ष्य रखा गया है।इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन जी झा ने बताया कि विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का नामांकन, पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि, सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी में दर्ज कराना एवं नियमित निगरानी करना तथा नव-नामांकित बच्चों का शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।घर-घर सर्वे कर सभी अनामांकित एवं छुटे हुए बच्चे की जानकारी जुटाई जाएगी. वहीं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने कहा कि जिला स्तर पर इस अभियान की समीक्षा की जाएगी।

## वज्रपात की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत बाघचट्टा पंचायत के भंवरखोल गांव में मंगलवार की देर शाम हुए वज्रपात की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। वज्रपात की चपेट में आने से 6 मवेशियों की भी मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर देर शाम ही मुखिया एलिजाबेथ बागे और झापा जिलाध्यक्ष मतियस बागे घटनास्थल पहुंचकर वज्रपात से घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया था। जहां चिकित्सकों ने सामवेल लकड़ा को मृत घोषित कर दिया वही घायल प्रियना लकड़ा का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में उसके बेटे रंजीत लाकड़ा ने बताया कि उसके पिता अचानक हल्की बारिश के बीच अपने घर के बकरियों को घर के अंदर करने के लिए घर से बाहर निकला था इसी दौरान अचानक आसमानी बिजली चमकी और घर के पास गिरी और जिसके असर से उसके पिता मूर्छित हो गए तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# कोडरमा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना




## योग स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है : शालिनी गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून दिन को सुबह 5 से 6 बजे तक ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया कोडरमा में किया गया। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य योगी सुषमा सुमन ने किया। शिविर में मुख्य अतिथि शके रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ जे पी एन वर्णवाल ,भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मोदी, डॉ उपेंद्र भदानी, शिविर के संरक्षक सुभाष बरनवाल, सेवा निवृत्त शिक्षक नारायण सिंह, डॉक्टर नीरज शाह, नीलम शाहबादी, मोहारी समाज के जिला अध्यक्ष सतीश भदानी उर्फ मुन्ना काली मंदिर महिला मंडल के सरोजिनी देवी ,मोदी बरनवाल महिला समिति के संरक्षक गायत्री देवी, अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, सभी मिलकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता को सुषमा सुमन ने शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा शालिनी गुप्ता ने कहा की नियमित योग करने से व्यक्ति न सिर्फ स्वस्थ और निरोग रहता है बल्कि कई लोगों से बचावा भी होता है। उन्होंने कहा कि बीपी डायबिटीज के अलावा कई ऐसी बीमारियां हैं, जिससे योग के माध्यम से बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योगा करने की सलाह दी और कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। उन्होंने इस आयोजन के लिए पतंजलि परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहां के कोडरमा में योग का प्रसार करने में प्रदीप कुमार सुमन और सुषमा सुमन का महत्वपूर्ण योगदान है। योग हमारे ऋषि मुनियों का देन है। मंच संचालन करते हुए योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की पूरे कोडरमा जिला में सैकड़ों की संख्या में निशुल्क योग कक्षा चल रही है। भविष्य में हजारों की संख्या होने वाली है जो शिविर चला रहे हैं नियमित उन्हें आदर्श योग शिविर घोषित किया गया है। शिविर योग शिक्षक उपेंद्र दुबे उनकी टीम, कपिल मुनि योगा क्लास, योग शिक्षक राजेंद्र बरनवाल उनकी टीम, झांसी की रानी योग क्लास सीमा देवी उनके टीम ,हेल्थ क्लब डॉ मनोज भदानी उनके टीम ,ब्लॉक योगा ग्रुप विकास सेठ उनके टीम ,सी एच स्कूल योगा क्लास योग शिक्षक रामचंद्र यादव उनके टीम, मडुआटांड योग शिविर योग शिक्षक सविता देवी उनके टीम ,चित्रगुप्त नगर योग शिक्षक सुरेश यादव उनके टीम, पिपराडीह योग शिविर योग शिक्षक पुष्पा देवी उनके टीम ,गांधी स्कूल योगा क्लास योग शिक्षक संगीता देवी उनके टीम, सभी योग शिक्षक को सम्मानित किया गया। शिविर में योग शिक्षाक रीना देवी, पिंकी देवी ज्योति देवी अरविंद एकधारा विजय सिंह अनिल सिंह प्रवीण कुमार सुरेश सिंह ,राजेंद्र साहू नीलू देवी पूनम बरनवाल शंकर मोदी प्रिंस कुमार मिथिलेश राम गुप्ता मनोज गुप्ता रविंद्र सिंह सुधा रानी द्रोपती देवी श्रीकांत गुप्ता अविनाश सेठ आयुष विभाग के द्वारा भी बहुत जगह योग शिविर किया गया इसमें सुषमा सुमन ने कड़ी मेहनत करके सभी योग शिक्षक को लगाई आज लगभग कोडरमा जिला में छोटे बड़े मिलाकर सैकड़ों से ऊपर योग शिविर लगाए गया भारत बदल रही है नए भारत का निर्माण हो रही है भारत विश्व गुरु बनेगा और वह योग के माध्यम से आज ब्लॉक मैदान में हजारों की संख्या में पहुंचकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया।

## हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने पिछले 3 जून को गरजा डाँड़टोली के पास महिला की हत्या मामले में मुंबई से आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए बुधवार को से मेघा जेल भेज दिया युवक की पहचान अनुज बिलुंग किनकेल पाकरबहार निवासी के रूप में हुई। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि 3 जून को पुलिस द्वारा अज्ञात महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद किया था जांच के क्रम में महिला की पहचान संध्या सुरीन के रूप में हुई थी। इधर मृतिका के पति के लिखित आवेदन के आधार पर सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता मामला दर्ज करते हुए मामले की छानबीन एवं तकनीकी अनुसंधान की टीम द्वारा बारीकी से मामले की छानबीन किया जिस पर पता चला कि आरोपी युवक ने हत्या करने के बाद मृतिका के मोबाइल लेकर मुंबई चला गया है जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार की गई। गिरफ्तारी के बाद युवक ने अपना जुर्म स्वीकार किया।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मना योग दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सैक्रेड हार्ट स्कूल के प्रांगण में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। छात्रों को शिक्षक दीपक सर्राफ ने योगासन करवाया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं को कुंतल जेठवा, कुमारी दीक्षा तथा समरीन नाज ने योग करवाया। शिक्षकों को रंजीत कुमार, सुमित साव , रजनी बाला एवं प्राचार्य नवीन कुमार ने योगाभ्यास कराया। विद्यालय के प्रिंसिपल नवीन कुमार ने योग दिवस के अवसर पर छात्र व छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राणायाम के महत्व को समझाया व बच्चों को प्राणायाम करना सिखाया। उन्होंने कहा कि योग हमें स्वस्थ तथा दीघार्यु बनाता है। एकेडेमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने बताया कि स्कूल में कक्षा 9 वीं से 12 वीं के लगभग 400 छात्र व शिक्षक ने योगाभ्यास किया। उन्होंने बताया कि रोजाना योग करने से शरीर के लचीलेपन, मुद्रा में सुधार करता है, जोड़ों को स्वस्थ रखता है, रक्तचाप कम करता है, मोटापा नियंत्रित करता है, तनाव कम करता है और शांतिपूर्ण जीवन जीने में मदद करता है तथा स्वस्थ मष्तिक का विकास करता है ।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : सिमडेगा में योग दिवस पर दिखा उत्साह






**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सिमडेगा जिले के विभिन्न जगहों पर योग शिविर का आयोजन किया गया जिला मुख्यालय स्थित अलवर टीका स्टेडियम में जिला प्रशासन के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, एसपी सौरभ एसडीओ महेंद्र कुमार अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा सहित प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस मौके पर जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारी एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राएं पुलिस पदाधिकारी पुलिस जवान स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए लोगों को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और हमारे शरीर में किसी प्रकार की कोई बीमारी उत्पन्न नहीं होती आज कोरोना में योग को विशेष महत्व देते हुए लोगों ने इसके पद्धति को अपनाया और जीवन शैली में योग को दिनचर्या में अपनाते हुए अपने शरीर को स्वस्थ कर लिया योग करने से शारीरिक मानसिक विकास होती है और हम सभी को अपने जीवन में प्रत्येक दिन योग करनी चाहिए। पूर्व पूरे विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में योग को 21 जून की तिथि में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान मिली और आज हम सभी कर रहे हैं इस मौके पर योग शिक्षक देवेंद्र सोनी पूजा नायक के द्वारा अलग-अलग प्रकार के आसन एवं योगाभ्यास कराया। इधर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सिमडेगा के विभिन्न प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन करते हुए लोगों ने योग की तो वही शैक्षणिक संस्थानों में भी शिक्षकों की मौजूदगी में स्कूली बच्चों के बीच योग शिविर का आयोजन किया गया इसके अलावा सभी पंचायत भवनों में पंचायत के मुखिया की अगुवाई में पंचायत अफसर के ग्रामीणों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से योग किया गया और सभी लोगों ने अपने शरीर स्वस्थ रखने के लिए संकल्प लिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योग

इधर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय सहित सभी मंडल एवं योग किया। सिमडेगा स्थित गांधी मैदान में भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में सभी कार्यकत्ताओं ने किया योग । इस अवसर बीजेपी जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बताया कि प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा योग करें, निरोग रहें, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मानसिकता का वास होता है। योग हमारी हजारों साल पुरानी विद्या है। हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के कारण सारी दुनिया योग का लाभ उठा रही है।सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कुरडेग मंडल के कार्यकताओं ने योग किया ।मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि योग हर व्यक्ति को करनी चाहिए योग करने से शरीर स्वास्थ्य रहता है और बीमारियों से लड़ने की छमता अधिक होती है। केरसई मंडल में योगा दिवस प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने योग किया। मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने योग दिवस की सुभकामनाएँ देते हुए कहा कि योग प्रत्येक मनुष्य के लिए आवयश्क है, योग करने से बीमारी का प्रकोप भी कम होता है।हमे प्रत्येक दिन योग करनी चाहिए जिससे शरीर चुस्त दुरुस्त रहे।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत फरसा बेड़ा लीला टोली गांव में 19 वर्ष जेवियर कॉलेज की छात्रा ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका की पहचान नवनीत डुंगडुंग के रूप में हुई। मृतिका के पिता एमानुवेल डुंगडुंग सिमडेगा सदर थाना में चौकीदार के रूप में पदस्थापित है।मामले की जानकारी मिलने के बाद सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर सुधीर बाडा दल बल के साथ पहुँचे एवं शव को उतार कर मामले की छानबीन में जुटे। घटना के संबंध में उसके पिता ने बताया कि वह जेवियर कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा थी और कल ही उसका परीक्षा था घर में किसी प्रकार की किसी से कोई लड़ाई झगड़ा नहीं हुई थी हालांकि 1 दिन पूर्व हुआ गुमसुम और शाम घर में थी किसी से कोई बात नहीं कर रही थी। मृतका के पिता ने बताया कि वह 2 दिनों तक थाना के कार्य से ही सिमडेगा में ही थे घर नहीं गए थे।

## महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा ने किया व्यवसायी सम्मेलन का आयोजन

# क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रहा है : जयंत सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के तहत शहर के होटल शिवम इन के सभागार में भाजपा ने व्यवसायी सम्मेलन का आयोजन किया । जिसमे मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार शामिल थे । जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री छोटन सिंह ने एवं विषय प्रवेश कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा रामगढ़ के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने करवाया । कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह भाजपा के रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू रहे। मंचासीन नेताओं ने महापुरुषों के तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित व्यवसायियों का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत करने के उपरांत कहा की आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए जनहित के कार्यों की प्रशंसा उनके विरोधी भी करते हैं। खासकर के व्यापारी वर्ग के लिए केंद्र सरकार क्या योजना चला रही है ? कैसे मदद पहुंचाया गया ? इस विषय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि व्यापार में आज भारत पूरे विश्व भर में अपनी पहचान बनाई है। एक्सपोर्ट इंपोर्ट बढ़ा है। व्यापारियों को केंद्र सरकार ने काफी सुविधाऐं भी दी है। भारत पूरे विश्व का सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभर रहा है। मेक इन इंडिया के जरिए देश को मजबूती प्रदान की जा रही है। व्यापारी वर्ग के लोगों का देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान है इससे इंकार नहीं किया जा सकता। व्यापारी वर्ग की तरफ से जीएसटी पर पूछे गए एक सवाल पर हजारीबाग सांसद ने कहा की व्यवसायियों के टैक्स से ही विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जाता है । साथ हीं किसानों की बेहतरी हेतु भी इस पैसे का उपयोग होता है जिसके लिए देश के व्यापारियों का हम आभार प्रकट करते हैं । उन्होंने विस्तार पूर्वक जीएसटी, यूपीआई,स्वच्छ भारत अभियान,आयुष्मान भारत,गरीब कल्याण योजना इत्यादि कार्यों को भाजपा की सरकार ने धरातल पर सफलतापूर्वक उतारे जाने की चर्चा करते हुए कहा की हमने देश को विकास की पथ पर अग्रसर किया है ।

## सिमडेगा में श्रद्धा से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गयी




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में रथ यात्रा का त्योहार मंगलवार को धुमधाम से मनाया गया। जिले में रथ यात्रा के अवसर पर विभिन्न ठाकुरबाड़ी में प्रातः से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मौके पर जिले के टुकूपानी, गरजा, कुलूकेरा, जोराम, ताराबोगा, खिजुरटांड, जलडेगा कोनमेरला, परबा, बीरू, तामड़ा, लचरागढ़, भंवरपहाड़, बानो एवं बोलबा के समसेरा में रथ यात्रा निकाली गई। टुकूपानी स्थित ठाकुरबाड़ी में प्रातः पूजन के बाद मंदिर का पट्ट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। भोग निवेश के बाद वहां उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर बाद शाम चार बजे ठाकुरबाड़ी-टुकूपानी से मौसीबाड़ी श्रीरामजानकी मंदिर के लिए रथ यात्रा निकाली गई। इस क्रम में खैरनटोली, भट्ठीटोली, नीचे बाजार से लेकर रामजानकी मंदिर तक जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन-पूजन किया गया। श्रद्धालुओं में भगवान के रथ को खींचने का उत्साह चरम पर रहा।

## NEWS इन ब्रीफ

### बाइक दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम सुग्गी निवासी मनोज महतो बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह मनोज किसी काम से मेदिनीनगर जा रहा था।तभी रास्ते में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुरमुसी में बाइक दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी लेस्लीगंज थाना को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### झामुमो क्रीड़ा मंच ने योग शिविर का आयोजन किया

**मेदिनीनगर।** रेलवे सोसायटी पार्क में झारखंड मुक्ति मोर्चा क्रीडा मंच के द्वारा एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पतंजलि योग प्रशिक्षक धीरज कुमार ने उपस्थित तमाम लोगों को योग की प्रशिक्षण दिया । मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा कहा कि योग हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यही वजह है कि लोग इसे लगातार अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। योग की इसी अहमियत को देखते हुए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस मनाया जाता है। वही मौके पर झामुमो जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी , छोटू तिवारी , भोला कुमार साथ ही क्रीड़ा मंच के जिला सचिव दीपक तिवारी, तनवीर आलम उपस्थित थे।कार्यक्रम का मंच संचालन क्रीड़ा मंच के उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा ने व धन्यवाद ज्ञापन नेहा कुमारी ने किया।

### 5 आर ओ शीतल वाटर मशीन का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेदनी नगर निगम द्वारा15वें वित्त से क्रय की गई 5 आर ओ शीतल वाटर मशीन का शुभारंभ माननीय सांसद बीडी राम साथ में प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा समाज को समर्पित किया गया।

### ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहाना

# झमाझम बारिश ने चिलचिलाती से गर्मी लोगों को दी राहत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उमस और बादलों के बीच भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बुधवार दोपहर बाद थोड़ी राहत मिली। हल्की बारिश होने के बाद ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहाना हो गया। बारिश होने से लोगों के चेहरों पर भी मुस्कान देखी गई। सुबह से ही भीषण गर्मी का अहसास हो रहा था। दोपहर बाद हवा के साथ बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया।अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी रिकार्ड की गई। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने पसीना-पसीना हो रहे लोगों को राहत मिली। वहीं शहर सहित कई स्थानों पर अच्छी बारिश भी हुई। शहर की



ज्यादातर सड़कों व गलियों में पानी जमा हो गया। बरसाती पानी भरने के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।बुधवार की शाम लगभग 30 मिनट तक हुई झमाझम बारिश ने जिले के तापमान के पारा को नीचे गिरा दिया है। मौसम में बदलाव के कारण तापमान का पारा 42 डिग्री से घटकर 35 डिग्री तक पहुंच गया है। जिसके बाद गर्मी से बेहाल लोग राहत महसूस कर रहे हैं। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए थे और दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और झमाझम बारिश होने लगी। भीषण गर्मी के बीच अचानक शुरू हुई बारिश ने पशु-पक्षियों को भी आनंदित किया। बारिश के बाद गर्मी से राहत मिलते ही लोग काफी खुश दिख रहे थे। लोग इस झमाझम बारिश को प्री मानसून मान रहे हैं। जिले के किसानों का मानना है कि प्री मानसून बारिश होने के साथ ही कृषि कार्य में भी तेजी आ जाएगी। बारिश का इंतजार कर रहे किसानों ने खाद-बीज की खरीददारी शुरू कर दी थी।अच्छी बारिश होने के बाद कृषि कार्य शुरू हो जाएगा। आसमान में बादल छाने और कुछ ठंडी हवाएं बहने से जो लोग तेज धूम और गर्मी से व्याकुल थे, उन्हें कुछ ठंडे मौसम से सुकून मिला है।

## मनरेगा योजना अंतर्गत डोभा निर्माण कार्य प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत कुंम्भी कला पंचायत के तामदगा गांव में मनरेगा योजना अंतर्गत विकास सिंह के खेत में डोभा निर्माण योजना का चयन वर्ष 2022-23 के तहत60 60 डोभा निर्माण कराया जाना था। जिसका प्रकलित राशि 1लाख 80हजार55 रुपया था। उक्त डोभा में मनरेगा अधिकारियों द्वारा 28440 रुपए की निकासी मनरेगा मजदूर के खाते में तीन माह पूर्व भेज दी गई लेकिन लाभुक द्वारा उस योजना में कार्य नहीं किया गया था। दैनिक जागरण अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने लाभुक से डोभा निर्माण कार्य किया गया प्रारंभ । रोजगार सेवक रमाकांत तिवारी ने बताया कि डोभा निर्माण में



लाभुक से कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है। वहीं पंचायत सचिव शिवकुमार यादव ने बताया कि विकास सिंह के खेत में डोभा निर्माण कार्य में हुई राशि निकासी के बाद भी कार्य नहीं होना जांच किया गया। और डोभा निर्माण कार्य में कार्य प्रारंभ कर दी गई है।

## वसुधैव कुटुंबकम एवं हर आंगन योग की थीम पर

# पलामू में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




आज **गांधी उद्यान** में माननीय सांसद बीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं कार्यक्रम प्रभारी श्री गणेश मिश्रा जी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर भव्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कराते हुए शहर के जाने-माने योग प्रशिक्षक श्री राजीव जी एवं अतुल जी ने लोगों को योग की महत्ता को बताई। सांसद बीडी राम ,प्रथम महापौर अरुणा शंकर , कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा ,भाजपा जिलाध्यक्ष विजनंद पाठक एवं उस वार्ड के पार्षद प्रदीप अकेला द्वारा माल्यार्पण कर शुरूआत की गई।




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर संत मरियम स्कूल के आवासीय परिसर में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया । मौके पर सम्बोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की हम सभी को सदैव स्वस्थ रहने के लिए योगा को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।




**मेदिनीनगर।** 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2023 के अवसर पर आज पलामू प्रमंडल मुख्यालय के मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह आदि ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरूआत की। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रथम मेयर अरुणा शंकर, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, समाजिक सुरक्षा पदाधिकारी विक्रम आंनद, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, डीपीएम दीपक कुमार समेत भाजपा के कई नेता सहित जिले के अन्य पदाधिकारी, कर्मी, स्कूली बच्चे एवं आमजनों ने योगाभ्यास किया।




**विवेकानन्द विद्या मंदिर** में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. किरण द्विवेदी (ऑब्जर्वर), एस.पी. सिंह (प्रधानाचार्य, प्रभारी) अमिताभ लाहा (प्रधानाचार्य प्रभारी) एकता मिश्रा (हेड मिस्ट्रेस). सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ योगाभ्यास में भाग लिया। विद्यालय की योग शिक्षिका सीमा, पीएचई शिक्षक रितेश, रविकांत, पीटी शिक्षक दलजीत एवं धनंजय ने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी योगासनों का योगाभ्यास विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को कराया।




21 जून 2023 **एम.के. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल** में 9वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एन. खान ने वेद मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। तत्पश्चात प्राचार्य महोदय ने छात्रों के साथ बैठकर योगाभ्यास एवं विभिन्न आसन किए। डॉक्टर जी.एन. खान ने बताया कि योग का मकसद शरीर और मस्तिष्क का जुड़ाव है। हमारे छात्र प्रतिदिन 10 मिनट योग को समय देकर प्रखर मस्तिष्क के मालिक बन सकेंगे। शिक्षक श्री अरविंद कुमार योग प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। विद्यालय के खेल शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा, विक्रम रॉय,डॉ राजेंद्र कुमार राणा एवं श्रीमती काजोल ने छात्रों की मदद की।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो ने लगाई चित्र प्रदर्शनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के मौके पर 21 जून को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, डालटनगंज के द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के परिसर में मंगलवार को करीब 400 लोगों ने योग प्रशिक्षकों नेतृत्व में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। पतंजलि योगे पीठ की श्रीमती ममता सिन्हा एवं आर्ट ऑफ लिविंग की श्रीमती रागिनी जी एवं उनकी टीम ने योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इससे पूर्व सोमवार की शाम दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सी०आर०पी०एफ के डीआईजी पंकज कुमार, 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट श्री सुदेश कुमार, पलामू के पुलिस अधीक्षक श्री चंदन कुमार सिन्हा, 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वितीय कमान अधिकारी श्री दीपेंद्र कुमार, डिप्टी कमांडेंट श्री कुमार अंशु माली, डिप्टी कमांडेंट श्री राजेश महतो एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं फीता काटकर किया। डिप्टी कमांडेंट कुमार अंशु माली ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन जवान निस्कर पांडेय ने किया। मौके पर उक्त अतिथियों के अलावा जीएलए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आई जे खलखो, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, जीएलए कॉलेज के विद्यार्थी 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी, जवान उपस्थित थे।

**योग दिवस एवं सेवा-सुशासन की थीम पर प्रदर्शनी**

चित्र प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण योग दिवस की थीम पर लगाई गई प्रदर्शनी रही। इस प्रदर्शनी में योग की शुरूआत से लेकर योग के अबतक की यात्रा के संबंध में विस्तृत विवरण प्रदर्शित किया गया है। योगाभ्यास से संबंधित प्रक्रियाओं का प्रदर्शन एवं योग को संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिलने से लेकर अबतक हुए 8 योग दिवस के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही योग की थीम पर अतीत व वर्तमान की दी गई जानकारियों की सराहना की।

**हां मैंने योग को अपने जीवन में शामिल कर लिया है**

चित्र प्रदर्शनी स्थल पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा सेल्फी बूथ बनाई गई थी। जिसकी थीम ह्यहां मैंने योग को अपने जीवन में शामिल कर लिया हैह्न रखा गया था। प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने इस अभिवन प्रयास की तारीफ करते हुए सेल्फी खिंचाई।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां**

सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर मेघा श्रीराम डाल्टन ने अपनी गानों से समां बांधा।

## पैन कार्ड को आधार से लिंक करने में वसूली की आलोचना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर केन्द्र सरकार द्वारा कथित रूप से पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की प्रक्रिया में देरी को आधार बनाकर देश के गरीबों से 1000 से ज्यादा वसूली की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि वित्तीय रूप से अराजक,गरीब विरोधी व कारपोरेट परस्त मोदी सरकार का यह लम्पट चरित्र लोकतंत्र के कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के खिलाफ है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि प्रायः हर वित्तीय लेन-देन के कार्यों में पैन कार्ड की अनिवार्यता को देखते हुए पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने के जरुरी निर्देशों के आलोक में अत्यंत गरीबों से 1000 से ज्यादा वसूली अव्यवहारिक व अराजक कदम है, जिसे यथाशीघ्र केन्द्र सरकार को वापस लेना चाहिए। बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि गरीबों के लिए पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की योजना निःशुल्क व समय सीमा की पाबंदियों से मुक्त होनी चाहिए ताकि गरीब जब भी फूर्सत में हो।

## नागरिक संघर्ष मोर्चा प्रभारी ने आयुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ जसवाल सहित नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी दीपक कुमार लाल ने बुधवार की दोपहर पलामू प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त मनोज जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रभारी आयुक्त को नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने बुके देकर सम्मानित भी किया। साथ ही पलामू प्रमंडल की ज्वलंत समस्याओं जैसे पानी बिजली सड़क एवं रोजगार सहित अन्य समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुलाकात के दौरान प्रभारी आयुक्त ने बताया कि पलामू की समस्या एवं व्यवस्था को लेकर वे सप्ताह में 2 दिनों का समय देंगे उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में विकास की



योजनाएं जरूरतमंद तक पहुंचे इस हेतु उनके ओर से हर संभव प्रयास की जाएगी।

**विवेचना**

### किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करने के निर्देश

# प्रभारी आयुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की

**आयुक्त ने केसीसी के लंबित 3883 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड किसानों को महाजन (कर्ज) से उबारेगा। अधिक -से-अधिक किसानों को केसीसी जारी कर, उन्हें लाभान्वित करें। केसीसी जारी करने में शिथिलता नहीं बरतें। इसकी गंभीरता को समझें, व्यक्तिगत रूचि लें और टीम वर्क के साथ काम कर किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। आयुक्त आज गढ़वा जिले के सभागार में जिले के पदाधिकारियों एवं बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर केसीसी जारी करने की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त ने केसीसी के लंबित 3883 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई शुरू कर अगले एक माह में 3 हजार केसीसी वितरण करने का सख्त निर्देश दिया।




साथ ही 15 अगस्त तक सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन कर केसीसी जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंक अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जिले के किसानों के उत्थान में बैंकों की भूमिका नहीं रहने से उन्हें जिले में कार्य करने की सार्थकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि अगले एक माह में गढ़वा का स्थान राज्य में 12 वें स्थान पर लाना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने नीलाम पत्र पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में तेजी लाते हुए 15 अगस्त तक समाप्त करने का निदेश दिया। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि किसानों से ज्यादा-से-ज्यादा आवेदन प्राप्त करें और नये लाभुकों को केसीसी कार्ड वितरण योजना से जोड़ने का कार्य करें। प्रखंड विकास पदाधिकारियों से समन्वय कर अधिकाधिक केसीसी जारी करें। बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।बैठक में मुख्य रूप से आयुक्त के अलावा उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, डीडीएम नाबार्ड लक्ष्मण कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमिता कुमारी, गोपनीय प्रभारी विकास कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय समेत विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

**'आप किसी काम में कितने समर्थ है, यह आपको कोई और नहीं बता सकता, क्यों कि स्वयं को जितना अच्छा आप जानते हो, कोई और जान ही नहीं सकता।'**

**– अज्ञात**



# बालू पर राजनीति

***जहां*** एक ओर भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा है। दूसरी तरफ पानी की मारामारी से पूरा प्रदेश त्रस्त है। वहीं बालू पर प्रतिबंध के बाद चारो तरफ निर्माण कार्य बंद हैं। बालू उठाव को लेकर राजनीतिक पैतरेबाजी भी जारी है। ऐसे में बालू पानी से अलग होकर भी अपनी उपयोगिता बता रहा है। कोई भी निर्माण के कार्य इसके बगैर संभव नहीं हैं। ऐसे में जहां एक ओर बालू माफिया मौके का इंतजार कर रहे हैं। वहीं आम आदमी बालू की किल्लत से दो चार हो रहा है। मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी का दंश झेल रहे मजदूर समीप के नदी से बोरे में भरकर बालू बेच रहे हैं। स्टोर बालू के भंडारण से तीन से चार हजार में बालू धड़ल्ले से बीक रहे हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि बीच का रास्ता निकाले। ऐसा नहीं होने पर हो सकता है आने वाले दिनों में बालू को लेकर एक नई राजनीति की शुरूआत हो। इस मामले में खूनी खेल से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जैसा कि मझिआंव में देखने को मिला। अवैध रूप से बालू उठाव की सूचना पर बिना थाने को सूचना दिए अपने दो निजी चालकों के साथ छापामारी करने गए सीओ राम जी प्रसाद गुप्ता पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। यह घटना बताने के लिए काफी है कि बालू को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ऐसे में सवाल उठता है बगैर पुलिस को सूचना दिये बगैर सीओ ने जो काम किया वह सही था। ट्रेक्टर का जिस तरह पीछा करते हुए सीओ का गांव में पहुंचना यह दर्शाता है कि वह इलाके के आक्रोश को नहीं समझते थे। या और कोई बात है। सीओ उसका पीछा करते हुए उत्तर वारा टोला बूढ़ी खाड़ तक चले गए। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उनपर हमला बोल दिया। इस बाबत ग्रामीणों का कहना है कि बांकी नदी से अनवरत हो रही अवैध बालू की ढुलाई में कई ट्रैक्टर लगे हुए थे, जिन्हें नहीं पकड़कर सीओ ने एक खास ट्रैक्टर का पीछा किया। ऐसा होता देख ग्रामीणों ने उग्र रूप धारण कर लिया। ऐसे में कहा जा सकता है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर सीओ किसी एक खास व्यक्ति के बहकावे में कहीं यह कार्य तो नहीं कर रहे थे। हालांकि यह जांच का विषय है। बावजूद अंदेशा के बाजार में अगर ऐसी चर्चा होती है तो बेकार भी नहीं है। कारण आक्रोशित भीड़ ने सीओ पर यह कहते हुए हमला बोल दिया कि बालू वाले को क्यों नहीं पकड़ते। ग्रामीणों के हमले में सीओ बाल-बाल बचे । लेकिन प्रखंड क्षेत्र के पूरहे गांव से दो चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को को सीओ साथ में लेकर गये थे। दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार जारी है। सीओ को सर्वप्रथम छापेमारी के लिए पुलिस को सूचना देनी चाहिए थी। ऐसा नहीं कर जहां वह एक ओर अपना मजाक बनाये,वहीं अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी के बाद अपने लिए भी सुरक्षा की बाबत खतरा मोल लिए हैं। सीओ ने इस मामले में मझिआंव थाना में बूढ़ी खाड़ गांव के 30 से 40 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस बात की पुष्टि थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने की है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अवैध बालू का उठाव इस घटना के बाद रूक जायेगा। यह कदापि नहीं होने जा रहा है। कारण लगातार अवैध बालू का उठाव रात के अंधेरे में जारी है। बालू पर जितनी सख्ती बरती जा रही है, देखा जा रहा है वह और बेलगाम होता जा रहा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि इस गंभीर मुद्दे के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई करे।

**बेरोजगारी का दंश झेल रहे मजदूर समीप के नदी से बोरे में भरकर बालू बेच रहे हैं। स्टोर बालू के भंडारण से तीन से चार हजार में बालू धड़ल्ले से बीक रहे हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि बीच का रास्ता निकाले।**

# क्यों आवश्यक है समान नागरिक संहिता?





ललित गर्ग

***आजादी*** के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये अपूर्व वातावरण बन रहा है, इसके लिये वर्तमान में समान नागरिक कानून की चर्चा बहुत ज्यादा है। यह भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने 14 जून 2023 को राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव 30 दिनों के अंदर आमंत्रित किये हैं। विधि आयोग द्वारा समान नागरिक संहिता को लेकर सुझाव आमंत्रित किये जाने के बाद इस पर बहस एक बार फिर से उग्र रूप से शुरू हो गई है। समान नागरिक संहिता यानि यूनिफॉर्म सिविल कोड में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। समान नागरिक संहिता को लेकर भी एक ऐसा फोबिया बन गया है जिससे देश की सियासत को धर्मों में बांटने की कोशिशें की जा रही हैं। सियासत में ध्रुवीकरण की राजनीति जमकर हो रही है। बेहतर यही होगा कि मुस्लिम समाज अपनी गलतफहमियों को दूर करे। यद्यपि भारतीय संविधान में सभी को अपना धर्म मानने और उसका प्रचार करने की आजादी दी गई है। मजहब भले ही अलग-अलग हों लेकिन देश एक है। ऐसे में यह सवाल उठना भी लाजमी है कि एक देश में अलग-अलग धर्मों के हिसाब से अलग-अलग कानून कैसे औचित्यपूर्ण हो सकते हैं, फिर बवाल क्यों? देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाय तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आये, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गये। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। भारत विविधताओं से भरा देश है। यहाँ विभिन्न पंथों व पूजा पद्धतियों को मानने वाले लोग रहते हैं। इन सबके शादी करने, बच्चा गोद लेने, जायदाद का बंटवारा करने, तलाक देने व तलाक उपरांत तलाकशुदा महिला के जीवनयापन हेतु गुजारा भत्ता देने आदि के लिए अपने-अपने धर्मानुसार नियम, कायदे व कानून हैं। इन्हीं नियमों, कायदे व कानूनों को पर्सनल लॉ कहते हैं। अंग्रेज जब भारत आए और उन्होंने यह विविधता देखी, तो उस समय उन्हें लगा पूरे देश को सुचारुरूप से चलाने के लिए एक समान नागरिक आचार संहिता बनानी आवश्यक है। जब उन्होंने ऐसा करने की कोशिश की तो हर धर्मों के लोगों ने इसका विरोध किया। ऐसे में उन्होंने लम्बे समय तक यहाँ अपने पांव जमाये रखने के लिए किसी से उलझना ठीक नहीं समझा। इन परिस्थितियों में 1860 में उन्होंने इंडियन पैनल कोड तो लागू किया पर इंडियन सिविल कोड नहीं। यानि एक देश-एक दंड संहिता तो लागू की, लेकिन एक देश-एक नागरिक संहिता लागू करने का जिम्मेदारी एवं साहसपूर्ण काम नहीं किया। उसके बाद बनी सरकारों ने तो अंग्रेजों की सोच एवं नीतियों का ही अनुसरण किया, इसलिये वे भी अपने राजनीतिक हितों के लिये इसे लागू नहीं किया। जब से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं उन्होंने साहसिक निर्णय लेते हुए ऐसे राष्ट्रहित के निर्णय लेकर राष्ट्र को नया उजाला एवं सांसें दी है। आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर रहा है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन में होता है। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि पर्सनल लॉ में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए। तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद में बिल पास कराया था। इस कानून के समर्थकों का मानना है कि अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में वर्षों से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा फिर चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो। देश में हर भारतीय पर एक समान कानून लागू होने से देश की राजनीति पर भी असर पड़ेगा और राजनीतिक दल वोट बैंक वाली राजनीति नहीं कर सकेंगे और वोटों का ध्रूवीकरण नहीं होगा।

**राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने भगवान लक्ष्मण की कथा*

***सासु*** ने कहा ये सब तू कहा से लाइ। माँ सीता से राम कथा सुनी ये इसी का फल हे सासुजी ने कहा प्रतिदिन राम कथा सुन आना बाई को रामकथा सुनते बहुत दिन हो गये तब उसने माँ सीता से पूछा इसका उद्यापन विधि बतलाओ तब सीता जी ने कहा सात लड्डू लाना , एक नारियल लाना उसके सात भाग करना , एक भाग मन्दिर में चढ़ाना जिससे मन्दिर बनवाने जितना फल होता है। एक भाग सरोवर के किनारे गाड देना जिससे सरोवर खुदवाने जितना फल होता है। एक भाग भगवद्गीता पर चढ़ाना जिससे भगवद्गीता पाठ करवाने जितना फल होगा। एक भाग तुलसी माता पर चढ़ाना जिससे तुलसी विवाह जितना फल होगा। एक भाग कंवारी कन्या को देवे जिससे कन्या विवाह जितना फल होगा। एक भाग सूरज भगवान को चढाना जिससे तैतीस करौड देवी देवता को भोग लगाने जितना फल होगा। अब उसने विधि पूर्वक उद्यापन कर दिया। माता सीता के पास आई माता मेने तो विधिपूर्वक उद्यापन कर दिया । अब सात दिन बाद वैकुण्ठ से विमान आयेगा। सात दिन पुरे हुए विमान आया तो बहूँ ने कहा सासुजी स्वर्ग से विमान आया हैं तब सासुजी ने कहा बहूँ तेरे ससुरजी को मेरे को भी ले चल, तेरे माता पिता को ले चल सारे कुटुंब परिवार को ले चल, अड़ोसी पड़ोसी को ले चल बहूँ ने सबको बिठा लिया पर विमान खाली था। थोड़ी देर में उसकी नन्द आई और देखते ही देखते विमान भर गया तब बहूँ ने कहा माँ सीता नन्द बाईसा को भी बिठा लो पर माँ सीता ने कहा इसने कभी कोई धर्म पुण्य नहीं किया। तब बहूँ ने कहा बाईसा आप पहले कार्तिक मास में राम लक्ष्मण की कथा सुनना उसके बाद आप के लिए वैकुण्ठ से विमान आयेगा। गाँव के सरे लोग एकत्र हो गये और पूछने लगे बाई तूने ऐसा कौनसा धर्म पूण्य किया।

*(क्रमशः)*

# नेताजी जीवित होते तो देश का बंटवारा न होने देते


आर.के. सिन्हा

***क्या*** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवित होते तो पाकिस्तान कभी बन पाता? यह बहस लंबे समय से चल रही है। इस विषय पर इतिहासकारों और विद्वानों में मतभेद भी रहे हैं। अब इस बहस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हो गये हैं। उन्होंने हाल ही में कहा कि 'अगर नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिंदा होते तो भारत का बंटवारा नहीं होता।' क्या वे मोहम्मद अली जिन्ना को समझा पाते कि भारत के बंटवारे से किसी को कुछ लाभ नहीं होगा? यह सवाल अपने आप में काल्पनिक होते हुए भी महत्वपूर्ण हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवनकाल में ही अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान का प्रस्ताव पारित किया था। जिन्ना ने 23 मार्च, 1940 को लाहौर के बादशाही मस्जिद के ठीक आगे बने मिन्टो पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी घनघोर सांप्रदायिक सोच को प्रकट कर दिया था। जिन्ना ने सम्मेलन में अपने दो घंटे लंबे बेहद आक्रामक भाषण में हिन्दुओं को पानी पी-पीकर कोसा था। कहा था- 'हिन्दू-मुसलमान दो अलग धर्म हैं। दो अलग विचार हैं। दोनों की परम्पराएं और इतिहास अलग हैं। दोनों के नायक अलग हैं। इसलिए दोनों कतई साथ नहीं रह सकते।' जिन्ना ने अपनी तकरीर के दौरान लाला लाजपत राय से लेकर दीनबंधु चितरंजन दास तक को अपशब्द कहे। बेशक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जिन्ना के भाषण के अंश पढ़े होंगे। डोभाल यह भी कहते हैं, 'नेताजी ने अपने जीवन में कई बार साहस दिखाया। उनके अंदर महात्मा गांधी को चुनौती देने का साहस भी था। वह भी तब जबकि महात्मा गांधी अपने राजनीतिक जीवन के शीर्ष पर थे। फिर बोस ने गाँधीजी के उम्मीदवार को भरी बहुमत से हरा कर कांग्रेस छोड़ दी थी।' डोभाल ने आगे कहा, 'मैं अच्छा या बुरा नहीं कह रहा हूं, लेकिन भारतीय इतिहास और विश्व इतिहास के ऐसे लोगों में बहुत कम समानताएं हैं, जिनमें धारा के खिलाफ बहने का साहस था और आसान नहीं था।' सुभाषचंद्र बोस के रहते भारत का विभाजन नहीं होता। इस मसले पर बहस होती रहेगी। जिन्ना ने कहा था कि मैं केवल एक नेता को स्वीकार कर सकता हूं और वह सुभाष चंद्र बोस हैं। नेताजी के महान प्रयासों पर कोई संदेह नहीं कर सकता, महात्मा गांधी भी उनके प्रशंसक थे क लेकिन लोग तो अक्सर आपके परिणामों के माध्यम से आपको आंकते हैं। तो क्या सुभाष चंद्र बोस का पूरा प्रयास व्यर्थ गया। इतिहासकार तो नेताजी के प्रति घोर निर्दयी रहे हैं। पाकिस्तानी लेखक फारूक अहमद दार ने अपनी किताब 'जिन्नाज पाकिस्तानः फोरमेशन एंड चैलेंजेंस' में लिखा है कि मुस्लिम लीग के पाकिस्तान के हक में प्रस्ताव पारित करने के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस के अध्यक्ष की हैसियत से जिन्ना से आग्रह किया था कि वे अलग देश की मांग को छोड़ दें। उन्होंने जिन्ना को भारत के आजाद होने के बाद पहला प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव भी दिया था। कुछ इस तरह का प्रस्ताव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सी. राजागोपालचारी ने भी जिन्ना को दिया था। जाहिर है कि जिद्दी जिन्ना ने नेताजी की पेशकश पर सकारात्मक उत्तर नहीं दिया। जिन्ना तो भारत को तोड़ने पर आमादा था। इसके बाद का इतिहास सबको मालूम है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस पेशावर के रास्ते देश से अफगानिस्तान के रास्ते बाहर चले गए, भारत को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्ति दिलवाने के लिए। वे दुनिया के अनेक देशों में रहे। उन्होंने वीर सावरकर और रसबिहारी बोस की प्रेरणा से आजाद हिन्द फौज का गठन किया। जाहिर है कि देश से बाहर जाने के बाद वे जिन्ना या मुस्लिम लीग की गतिविधियों से लगभग दूर हो गये। अफसोस कि उनकी एक विमान हादसे में 1945 में मृत्यु हो जाती है।


**सुभाषचंद्र बोस के रहते भारत का विभाजन नहीं होता। इस मसले पर बहस होती रहेगी। जिन्ना ने कहा था कि मैं केवल एक नेता को स्वीकार कर सकता हूं और वह सुभाष चंद्र बोस हैं।**

**देश-विदेश**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# गीता प्रेस गोरखपुर : देश ऋणी है तुम्हारा


डॉ. रामकिशोर उपाध्याय

***गीताप्रेस*** गोरखपुर को निःस्वार्थ सेवा के सौ वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार द्वारा गाँधी शांति पुरस्कार (2021) दिये जाने की घोषणा से देश-विदेश में रहने वाला हिन्दू समाज खुशी मना रहा हैं ऐसा होना स्वाभाविक भी है, क्योंकि सैकड़ों वर्षों तक विदेशी आक्रान्ता हमारे धार्मिक ग्रंथों को नष्ट करते रहे। मुहम्मदवादियों ने अधिकांश मंदिरों और पुस्तकालयों को आग लगा दी तो अंग्रेजों ने गुरुकुल बंद कराके हमें अपनी जड़ों से काट दिया। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई कि हिन्दुओं के देश में बाइबिल और कुरआन तो चाहे जहाँ से ले लो किन्तु हिन्दू धर्म ग्रंथों जैसे वेद, उपनिषद्,पुराण आदि की बात मत करो। भारतीय जीवन का आधार या भारत की पहचान कहे जाने वाले ग्रन्थ गीता और रामायण तक जनसाधारण को मिल पाना कदाचित असंभव जैसा हो गया था। ऐसे कठिन समय में जयदयाल गोयनका और हनुमान प्रसाद पोद्दार जैसे महापुरुषों ने सन 1923 में गीता प्रेस गोरखपुर की स्थापना की। इस प्रेस ने अनेक कठिन और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए पूरे देश को बिना लाभ कमाये अत्यंत कम मूल्य पर सनातन ग्रन्थ उपलब्ध कराने का कार्य आरंभ किया। अनेक स्वामी रामसुख दास जी जैसी महान विभूतियों ने बिना रॉयल्टी लिए कठिन साधना द्वारा महान ग्रंथों के अनुवाद प्रस्तुत किये। आज लगभग प्रत्येक आस्तिक हिन्दू घर में गीता, रामायण, हनुमान चालीसा सहित अनेक धार्मिक पुस्तकें या इनमें से कोई एक पुस्तक तो अवश्य ही पहुँच चुकी है। इस व्यावसायिक युग में भी यह प्रेस बिना किसी चंदे, सरकारी सहायता और बिना विज्ञापन के सनातन धर्म की सेवा में लगी हुई है। गीता प्रेस के कल्याण के अंक तो मानव जाति के लिए श्रेष्ठ ज्ञान निधि हैं। इस प्रेस द्वारा केवल धार्मिक ही नहीं अपितु बच्चों और महिलाओं के लिए भी अनेक शिक्षाप्रद पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं। पिछले सौ वर्षों से करोड़ों हिन्दुओं की सेवा करने वाली, गीता के महान संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने वाली इस प्रेस को जैसे ही गाँधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा हुई तो कुछ विघ्न संतोषियों को यह बात हजम नहीं हुई। यह कैसी असहिष्णुता है कि जीवन पर्यंत ईसाइयत का प्रचार करने वाली और सेवा की आड़ में धर्मान्तरण कराने वाली रोमन कैथोलिक नन मदर टेरेसा को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न मिलने पर जो लोग नाच रहे थे वे गीता प्रेस के सम्मानित होने पर छाती पीट रहे हैं। आखिर ये लोग भारत में भारतीय जीवन मूल्यों का प्रचार करने वाली संस्था के शत्रु क्यों बने हुए हैं? जयराम रमेश जैसे लोग गीता प्रेस गोरखपुर का विरोध करके न केवल कांग्रेस की जड़ों में मठ्ठा डालने का काम कर रहे हैं अपितु स्वयं की भी फजीहत करा रहे हैं। ध्यान रहे यह संस्था कांग्रेस, भाजपा, सपा या किसी सरकार से कोई सहायता नहीं लेती। उसकी स्वतंत्रता और स्वीकार्यता सभी दलों के लोगों में है। यह संस्था विश्व का कल्याण करने वाले, संसार को अच्छाई और सच्चाई का मार्ग दिखाने वाले साहित्य का प्रकाशन और वितरण करने का काम करने वाली महान संस्था है। गीता प्रेस गोरखपुर का विरोध एक गहरे षड्यंत्र का हिस्सा है। चूँकि कम्युनिस्ट लोग भारतीय धर्म, भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन मूल्यों के धुर विरोधी हैं इसलिये वे इसके जानी दुश्मन हैं। धर्मान्तरण में संलग्न ईसाई और इस्लामिस्ट लोगों का विरोध तो जगजाहिर है किन्तु कुछ कांग्रेसी नेता इस विरोध का कलंक अपने और अपनी पार्टी के माथे क्यों मढ़ना चाहते हैं? प्रत्येक हिन्दू कांग्रेसी कार्यकर्त्ता के लिए यह चिंता का विषय है।

**आज लगभग प्रत्येक आस्तिक हिन्दू घर में गीता, रामायण, हनुमान चालीसा सहित अनेक धार्मिक पुस्तकें या इनमें से कोई एक पुस्तक तो अवश्य ही पहुँच चुकी है।**

**धर्म ज्ञान**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# अबुल कलाम आजाद पार्क में डीडीसी समेत कई पदाधिकारियों ने किया योग



**नवीन मेल। टीम**

**रामगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नमामि गंगे योजना के तहत बुधवार को छत्तरमांडू स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान उप विकास आयुक्त (डीडीसी) रोबिन टोप्पो, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों, वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से योग किया. मौके पर डीडीसी रोबिन टोप्पो ने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने एवं इससे उन्हें होने वाले फायदों के बारे में बताया. वहीं एसडीओ मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि प्राचीन काल से योग भारत का एक अभिन्न अंग रहा है. योग मनुष्य को कई प्रकार की बीमारियों से बचाता है. वर्तमान में पूरा विश्व आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है, हम सभी को योग को अपने जीवन में शामिल कर इसका लाभ उठाना चाहिए. कार्यक्रम के दौरान नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना रामगढ़ सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को शुभकामनाएं देने के बाद नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों की सभी को जानकारी दी. साथ ही उन्होंने सभी को अपने क्षेत्र के गंगा व अन्य नदी तटीय स्थानों को साफ-सुथरा रखने एवं वहां रहने वाले अन्य लोगों को भी जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के प्रति प्रेरित करने, नदियों में कूड़ा कचरा व पॉलिथीन नहीं डालने, पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, हमेशा कपड़े के थैले का प्रयोग करने, घर के गंदे पानी के निपटान के लिए सोख्ता गड्ढा बनवाने, नदियों में बची हुई पूजा सामग्री व केमिकल से बनी हुई मूर्तियां विसर्जित नहीं करने, बची हुई पूजा सामग्री को पौधों के लिए खाद के रूप में प्रयोग करने, खुले में शौच के स्थान पर शौचालय का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया. धन्यवाद ज्ञापन डॉ. असीम कुमार ने किया. वहीं पतंजलि योगपीठ रामगढ़ के योग प्रशिक्षक द्वारिका प्रसाद ने कार्यक्रम में सभी को विभिन्न योगासनों एवं उनके फायदे की जानकारी दी साथ ही योगाभ्यास भी कराया.



### राधा गोविंद विवि् में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रांगण में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया । इस योग कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के व्याख्याता एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । कुलाधिपति बी एन साह ने वीडियो कॉल के माध्यम से सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं दी साथ ही योग के महत्व को बताते हुए अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए निरंतर योग करने की सलाह दी । कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा की व्यस्तता भरी जीवन में आज के युवा खान-पान और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति ध्यान नहीं दे पा रहे हैं ऐसे में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए हमें नित्य योग करने की आवश्यकता है । अतः प्रतिदिन हमें कम से कम आधे घंटे योग के लिए समय निकालना चाहिए । योग शिक्षक द्वारा विभिन्न योग की जानकारी भी प्रदान की गई ।









### प्रधान डाकघर में योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन

**रामगढ़।** विश्व योग दिवस पर 21 जून को रामगढ़ के पोस्टमास्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में प्रधान डाकघर रामगढ़ में डाकघर के कर्मचारियों ने योग किया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डाक अधीक्षक हजारीबाग आशुतोष कुमार सिन्हा उपस्थित हुए । मौके पर उन्होंने कहा कि योग हमे जोड़ने का काम करता है ।योग संस्कार और शिष्टाचार सिखाता है ।योग करने से स्वाभिमान और आत्मसम्मान बढ जाता है ।हमें योग को नियमित रूप से करना चाहिए ।योग दिवस पर प्रशिक्षक के रूप में डाक कर्मचारी नीरज कुमार पाठक और अभिजीत कुमार ने साथ दिया । योग दिवस पर मुख्य रूप से डाक अधीक्षक हजारीबाग, पोस्टमास्टर, सहायक पोस्टमास्टर सरोजनी प्रसाद, डाक सहायक रविशंकर राय, राजीव कुमार, नागेन्द्र सिंह, अविनाश कुमार, प्रवीण कुमार, कुन्दन कुमार, आलोक पाण्डेय, प्रिया वर्णवाल, शुभम कुमार, सुशील कुमार, तापेश महतो, शमीम, संतोष मुण्डा, अरजलाल महतो, प्रदीप कुमार, जुगेशवर राम, गौरव कुमार, शम्भु कुमार, डब्लू सहित कई डाककर्मी उपस्थित हुए ।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में योग दिवस का आयोजन

**रामगढ़ :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में छात्र -छात्राओं ने गुरुद्वारा प्रधान, स्कूल प्रबंधक सिमिति , समस्त विद्यालय स्टाफ के साथ योग दिवस को मनाया ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर विद्यालय के कुछ बच्चों ने मधुर स्वागत गीत की प्रस्तुति दे सभी का मन मोह लिया । बच्चों ने योग प्रतिज्ञा के द्वारा यह शपथ लिया कि प्रत्येक दिन योग करेंगे और स्वस्थ रहेंगे। कक्षा नवम के छात्र अंकित रॉय के द्वारा योग पर भाषण दिया गया और योग के महत्व को बताया गया। विद्यालय के बच्चों के साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी सभी योगसन को किया। प्राचार्य हरजाप सिंह ने अपने मधुर शब्दों के साथ सभी को योग के महत्व को बताया ।उन्होंने सभी से आग्रह किया कि बच्चें, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सभी को योग करना चाहिए और अपने जीवन को स्वस्थ रखना चाहिए। अपने भागदौड़ भरे जीवन में कुछ समय योग के लिए जरूर निकालें और जीवन को रोगमुक्त एवं सुखमय बनाएं। उन्होंने विद्यालय के सभी कर्मचारियों से भी कहा कि अपने भागदौड़ भरे जीवन से कुछ समय योग के लिए जरूर निकालें और स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, स्कूल अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

### प्रखंड मैदान सहित विभिन्न स्थानों पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बरही ।** 8वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड प्रशासन की ओर से प्रखंड मैदान में योग शिविर लगाए गए. जिसमे प्रशासनिक अधिकारियों, सरकारी कर्मियों, व्यवसायियों, युवाओं आदि सहित के कई लोगो ने योगाभ्यास किया. भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह योगगुरु अनिल कुमार मिश्रा और गोविंद ठाकुर ने लोगो को योग के लाभ बताते हुए योग की कई प्रक्रियाओं का अभ्यास करवाया. योग गुरु ने लोगो से प्रतिदिन कम से कम आधे घंटे योगाभ्यास की सलाह दिया. योगाभ्यास करने वालो में प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ सीआर इंदीवर, बीईईओ रामशरण दांगी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, सीआई सतीश कुमार, पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह, प्रशांत कुमार, सत्यभामा देवी, ईश्वर गुप्ता, रंजीत केसरी आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### अनुमंडलीय अस्पताल में भी आयोजित हुआ योग शिविर

**बरही।** योग प्रशिक्षक किसुन दास के सान्निध्य में अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में भी योगाभ्यास किया गया. जिसमे डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, बिजेंद्र प्रसाद आदि सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया. इसके साथ ही प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों, पंचायत सचिवालय में भी योगाभ्यास किया गया. इसके साथ ही आईसीएआर गोरिया करमा, डीएवी पब्लिक स्कूल, आईलैक्स पब्लिक स्कूल, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर इत्यादि जगहों पर योग दिवस मनाया गया.






### बरकट्ठा के विद्यालयों में कराया गया योगाभ्यास

**बरकट्ठा।** प्रखंड के डिवाइन पब्लिक स्कूल,आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह, झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक आई.पी.भारती, एभीएचएस शिलाडीह के प्राचार्य मुजीब अंसारी, झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया के प्राचार्य उमाशंकर सिंह समेत अन्य विद्यालय के प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । वहीं योग शिक्षकों के द्वारा स्वस्तिकासन, गोमुखासन, योगमुद्रासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, कपालभाति , भ्रामरी, ताडासन, वर्कासन, वीरासन, दंडासन, सवासन के साथ साथ अन्य आसनों का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं योग शिक्षकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत योग के क्षेत्र में विश्व गुरु बन कर उभर रहा है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के कार्यक्रम के लिए भारत को विश्व पटल पर लाने वाले योगाचार्य बाबा रामदेव को लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की। डिवाइन स्कूल की प्राचार्य स्वाति ने कहा कि योग का अभ्यास हमारे मन को संयमी बनाता है तथा योग से ही हम निरोग रह सकते हैं ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा।

### दिव्य कल्याण आश्रम में अंतरराष्ट्रीय योगा शिविर का आयोजन

**बरकट्ठा।** दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम योगाचार्य महेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में की गई ।इस निमित मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए एवं योगाभ्यास किया। मौके पर योग आचार्य ने कहा करें योग रहें निरोग। साथ ही उन्होंने मोहल्ले व गॉवों में योग शिविर लगा कर लोगों को निरोग रहने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के योग व प्राणायाम लोगों को सिखाया ।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बिंदु सोनी, पंसंस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, दुर्गा नंद झा, मिश्रा मोदी, रीतलाल प्रसाद, पीताम्बर नायक, प्रकाश पंडित समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल थे।

### विष्णुगढ़ के कई स्कूलों में योग कार्यक्रम

**हजारीबाग।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बुधवार को प्रखंड के कई जगहों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. खासकर स्कूलों में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया. योग दिवस को भाजपा पूर्वी और पश्चिमी मंडल में कार्यकर्ता ने भी उत्साह से मनाया. आदर्श उच्च विद्यालय अचलजामो में विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष नारायण महतो और मंत्री सुखदेव रजवार के साथ योगाभ्यास किया.



## राम नारायण यादव मेमोरियल मवि. में मनाया गया योग दिवस

**बरही।** एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय बरही में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. जिसमे एनएसएस और एनसीसी के छात्र छात्राओं के साथ प्राचार्य डॉ विमल किशोर, महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने योगाभ्यास किया. एनएसएस के प्रोग्राम आफिसर डॉ अरुणा रानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति बसुधैव कुटुंबकम् का भाव रखती है. भारतीय योग प्राणायाम विश्व के लिए भारत की अमूल्य देन है. योग शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से लोगों को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रखता है. प्राचार्य ने योग का महत्व बताते हुए बताया कि योग भारतीय संस्कृति का जीवन पद्धति है और पूरे विश्व को स्वस्थ रहने की कामना करता है. एनसीपी के आफिसर लेफ्टिनेंट डॉ अजय रंजन ने योग को रूटिन का हिस्सा बनाने की बात कही.





## NEWS इन ब्रीफ

### सीतारमण पेरिस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस रवाना


**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ह्यन्यू ग्लोबल फाइनेंसिंग पैक्ट पर 22-23 जून को आयोजित होने वाले पेरिस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस के दौरे पर बुधवार को रवाना हुईं। वित्त मंत्रालय ने ट्विट कर कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ह्यन्यू ग्लोबल फाइनेंसिंग पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। 22-23 जून हो होने वाले इस शिखर सम्मेलन के मौके पर सीतारमण अपने समकक्षों के साथ बहुपक्षीय और द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगी। इस सम्मेलन का सह-आयोजन फ्रांस, बारबाडोस और भारत ने किया है। जैव विविधता संकट और विकास की चुनौतियों का समाधान करने के लिए ब्रेटन वुड्स प्रणाली से इतर एक नई वैश्विक वित्त पोषण संरचना की नींव रखना है।

### शेयर बाजार ने बनाया नया रिकार्ड

# सेंसेक्स 63,588 अंक के साथ उच्चस्तर पर पहुंचा

**एजेंसी। मुंबई**

एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली के बीच बुधवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 63,588 ।31 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 146 अंक की बढ़त के साथ 63,473.70 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुरूआती कारोबार में 37 अंक की बढ़त के साथ 18,853.70 अंक पर था। बाद में सेंसेक्स 260.61 अंक के उछाल के साथ 63,588.31 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले साल एक दिसंबर को




दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 63,583.07 अंक का रिकॉर्ड स्तर छुआ था। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, विप्रो, एचडीएफसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलएंडटी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टाइटन, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर लाभ में थे। वहीं टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर नुकसान में थे। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और स्थानीय शेयर बाजारों से विदेशी कोषों की निकासी के बीच बुधवार को शुरूआती कारोबार में रुपया एक पैसे टूटकर 82 ।10 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपये की धारणा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82 ।13 प्रति डॉलर पर कमजोर खुलने के बाद 82.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया ।बाद में यह एक पैसे के नुकसान से 82.10 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था। मंगलवार को रुपया 82.09 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 102.57 पर था। ब्रेंट कच्चा तेल 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.10 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था।

### मैटर मोटर वर्क्स ने अपनी ऐरा मोटरबाइक्स के लिए एयरटेल के साथ साझेदारी की

**रांची।** टेक्नोलॉजी बेस्ड स्टार्टअप मैटर मोटर वर्क्स और भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल ने आज भारत की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरबाइक, मैटर ऐरा में एयरटेल के आईओटी सॉल्यूशंस का प्रयोग करने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत, एयरटेल मैटर ऐरा बाइक्स को एडवांस्ड ऑटोमोटिव ग्रेड ई-सिम्स से सक्षम बनाएगा। इन बाइक्स की प्री-बुकिंग 17 मई से शुरू हो चुकी है। पहले चरण में, 60,000 मैटर बाइक्स को उन्नत आईओटी सुविधाओं वाले एयरटेल ई-सिम्स से सक्षम किया जाएगा, जो एयरटेल के पैन-इंडिया सुपीरियर नेटवर्क पर एक स्मार्ट और कनेक्टेड अनुभव प्रदान करेगा। मैटर की अगले तीन वर्षों में ऐसी 300,000 से अधिक बाइक बनाने की योजना है। एयरटेल आईओटी हब, इन वाहनों की रीयल टाइम ट्रैकिंग अत्यधिक विश्वसनीयता को बनाए रखते हुए, इन वाहनों के प्रदर्शन की निगरानी करने में मदद करेगा।

## टोयोटा ने वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट के साथ की साझेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



रिलायंस जियो और एयरटेल की बदौलत 5जी रोलआउट के चलते भारत मई के महीने में ग्लोबल लेवल पर मीडियन मोबाइल स्पीड के मामले में तीन पायदान चढ़कर अप्रैल में 59वें स्थान से 56वें स्थान पर पहुंच गया। नेटवर्क इंटेलिजेंस और कनेक्टिविटी इनसाइट्स प्रोवाइडर ऊकला के अनुसार, भारत में मीडियन मोबाइल डाउनलोड स्पीड अप्रैल में 36.78 एमबीपीएस से बढ़कर मई में 39.94 एमबीपीएस हो गई। हालांकि मीडियन फिक्स्ड ब्रॉडबैंड स्पीड में भारत ग्लोबल रैंकिंग में एक स्थान नीचे आ गया, अप्रैल में 83वें स्थान से मई में 84वें स्थान पर। फिक्स्ड मीडियन डाउनलोड स्पीड में देश का परफॉर्मेंस अप्रैल में 51.12 एमबीपीएस से मामूली वृद्धि के साथ मई में 52.53 एमबीपीएस हो गया। यूएई में ग्लोबल मीडियन मोबाइल स्पीड सबसे ज्यादा रहा, जबकि मॉरीशस ने 11 रैंक की छलांग लगाई। समग्र ग्लोबल फिक्स्ड मीडियन स्पीड के लिए, बहरीन ने रैंक में उच्चतम वृद्धि दर्ज की। ग्लोबल लेवल पर 17 स्थानों की छलांग लगाई, साथ ही सिंगापुर इस महीने भी पहले स्थान पर रहा। चिप बनाने वाली कंपनी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टियानो अमोन ने कहा, क्वालकॉम भारत में लाखों निवासियों की सेवा के लिए रिलायंस जियो के सहयोग से 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) को चालू कर रहा है।

### भारत में माइक्रोन के 270 करोड़ के निवेश को मंजूरी

# 5,000 लोगों को मिलेगा रोजगार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सरकार ने अमेरिका की चिप कंपनी माइक्रोन की देश में 2 ।7 अरब डॉलर (भारतीय करेंसी अनुसार 270 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ सेमीकंडक्टर परीक्षण और पैकेजिंग इकाई स्थापित करने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस परियोजना से 5,000 नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है ।एक सूत्र ने परियोजना के ब्योरे की पुष्टि करते हुए कहा, ह्यइसे लगभग एक सप्ताह पहले मंजूरी दी गई ।ह्व माइक्रोन कंप्यूटर मेमोरी उत्पाद, फ्लैश ड्राइव आदि में विशेषज्ञता रखती है। यह भारत में




एक ओएसएटी (आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) संयंत्र स्थापित करेगी। जो इसके उत्पाद को उपयोग के लिए तैयार करने के लिए परीक्षण और पैकेजिंग करेगा। सरकारी सूत्र के अनुसार, माइक्रॉन का यह प्रस्तावित प्लांट पीएम मोदी के गृह राज्य गुजरात में लगेगा। इस समझौते के तहत अमेरिकी चिप कंपनी को 1 ।34 बिलियन डॉलर के प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (ढछक) का भी लाभ मिलेगा। सूत्र का कहना है कि इंसेंटिव पैकेज के साइज के चलते इसके लिए कैबिनेट की मंजूरी की जरूरत थी ।पहले चरण में सरकार ने चार ओएसएटी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें टाटा समूह, सहस्त्रा सेमीकंडक्टर्स के प्रस्ताव शामिल है। एक अन्य सूत्र ने कहा, ह्यसहस्त्रा सेमीकंडक्टर्स पहला ओएसएटी संयंत्र है, जिसके जल्द ही उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है ।ह्व इस बारे में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और माइक्रोन से तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। आपको बता दें कि सेमीकंडक्टर आमतौर पर सिलिकॉन चिप्स होते हैं।

### ग्लोबल लेवल पर मीडियन मोबाइल स्पीड तीन पायदान ऊपर

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो और एयरटेल की बदौलत 5जी रोलआउट के चलते भारत मई के महीने में ग्लोबल लेवल पर मीडियन मोबाइल स्पीड के मामले में तीन पायदान चढ़कर अप्रैल में 59वें स्थान से 56वें स्थान पर पहुंच गया। नेटवर्क इंटेलिजेंस और कनेक्टिविटी इनसाइट्स प्रोवाइडर ऊकला के अनुसार, भारत में मीडियन मोबाइल डाउनलोड स्पीड अप्रैल में 36.78 एमबीपीएस से बढ़कर मई में 39.94 एमबीपीएस हो गई। हालांकि मीडियन फिक्स्ड ब्रॉडबैंड स्पीड में भारत ग्लोबल रैंकिंग में एक स्थान नीचे आ गया, अप्रैल में 83वें स्थान से मई में 84वें स्थान पर। फिक्स्ड मीडियन डाउनलोड स्पीड में देश का परफॉर्मेंस अप्रैल में 51.12 एमबीपीएस से मामूली वृद्धि के साथ मई में 52.53 एमबीपीएस हो गया।

# सरकार ने अबतक 5.58 करोड़ टन चावल और 2.62 करोड़ टन गेहूं खरीदा



एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने चालू विपणन सत्र 2022-23 में अबतक 5.58 करोड़ टन चावल की खरीदारी की है। इसके साथ ही सरकार ने 1.22 करोड़ किसानों को 1.7 लाख करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान किया है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि अबतक 5.58 करोड़ टन चावल की खरीद हुई है। रबी विपणन वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में अबतक गेहूं की खरीद 2.62 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल की कुल खरीद 1.88 करोड़ टन से कहीं ज्यादा है। सरकार ने गेहूं के लिए 21.29 लाख किसानों को लगभग 55,680 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान किया है। मौजूदा खरीफ विपणन सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में 19 जून तक कुल 8.3 करोड़ टन धान (5.58 करोड़ टन चावल) की खरीद की गई है। मिलों में इसे चावल में बदलने के बाद केंद्रीय पूल में करीब 4.01 करोड़ टन चावल प्राप्त हो चुका है, जबकि डेढ़ करोड़ टन चावल मिलना बाकी है। केंद्र की चावल खरीद कार्यक्रम से 1.22 करोड़ किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्हें एमएसपी के तौर पर लगभग 1,71,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

## विदेश


### भारतीय अमेरिकी शिक्षाविदों में मोदी से मिलने की होड़

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका यात्रा पर पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने के लिए भारतीय अमेरिकी शिक्षाविदों में होड़ सी मची है। अनेक अमेरिकी विश्वविद्यालयों के अध्यक्षों, कुलपतियों और उच्च शैक्षिक संस्थानों के निदेशकों सहित वैज्ञानिकों व समाज शास्त्रियों ने मोदी से मुलाकात की है। इस दौरान शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े मसलों पर चर्चा भी हुई। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा की शुरूआत न्यूयॉर्क से की है। न्यूयॉर्क में मोदी से मिलने के लिए शिक्षाविदों का तांता लगा रहा। भारतीय मूल के विश्वविख्यात मृदा वैज्ञानिक और पद्मश्री से सम्मानित रतन लाल और प्रधानमंत्री मोदी के बीच गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई। मृदा वैज्ञानिक के रूप में प्रो. लाल के योगदान को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। दोनों लोगों ने मृदा विज्ञान के उपयुक्त प्रयोग से भारत में उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर चर्चा की।

# अरुणाचल के प्रस्ताव पर विचार करेगी यूएसए संसद समिति

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी सीनेट की एक शक्तिशाली समिति बुधवार को एक द्विदलीय प्रस्ताव पर विचार करेगी, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न हिस्से के रूप में मान्यता देने का प्रावधान किया गया है। यह विधेयक सैन्य आक्रामकता के जरिये वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति बदलने की चीन की कोशिशों के बीच लाया गया है। विदेशी संबंध मामलों की सीनेट समिति इस प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा करेगी, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिन की आधिकारिक राजकीय यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचेंगे। प्रस्ताव में एलएसी पर यथास्थिति बदलने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने



समेत चीन की विभिन्न उकसावे भरी कार्रवाइयों की निंदा की गई है। इसमें विवादित क्षेत्रों में गांव बसाने, भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के शहरों और संरचनाओं के मंदारिन-भाषी नाम वाले मानचित्र प्रकाशित करने तथा भूटान के क्षेत्रों पर दावा जताने के लिए चीन की आलोचना की गई है। डेमोक्रेट सीनेटर जेफ मर्कले और रिपब्लिकन नेता बिल हैगर्टी ने इस साल फरवरी में यह प्रस्ताव पेश किया था। इंडिया कॉकस' के सह-अध्यक्ष सीनेटर जॉन कॉर्निन ने इस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया है। प्रस्ताव में इस बात का उल्लेख किया गया है कि भारत ने खुद को चीन की आक्रामकता और सुरक्षा खतरों से बचाने के लिए अपने दूरसंचार बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने और निवेश की गहन निगरानी करने सहित विभिन्न कदम उठाए हैं। इसमें अरुणाचल प्रदेश को सर्वसम्मति से भारतीय गणराज्य के अभिन्न हिस्से के रूप में मान्यता दी गई है। साथ ही भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया गया है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है। वह इस भारतीय राज्य के दक्षिण तिब्बत होने का दावा करता है। हालांकि, भारत का विदेश मंत्रालय चीन के इस दावे को दृढ़ता से खारिज करते हुए स्पष्ट करता आया है।

### चीन ने लश्कर आतंकी मीर को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करने में डाला अड़ंगा

**बीजिंग :** चीन ने भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने के प्रस्ताव को रोक दिया है। आतंकवादी साजिद मुंबई के 26/11 आतंकवादी हमलों में शामिल था और वैश्विक स्तर पर वांछित है। वहीं भारत ने यूएन में ही चीन को खरी-खोटी सुनाई। विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रकाश गुप्ता ने यूएन में इस मामला को उठाया। उन्होंने कहा कि चीन की इस हरकत से 26/11 के पीड़ितों को अभी भी न्याय नहीं मिला है, कुछ निजी हितों के चलते हमारे प्रयासों को रोका गया है।

भारत ने कहा कि इससे यह साफ होता है कि हमारे पास आतंकवाद की चुनौती के खिलाफ ईमानदारी से लड़ने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है। साजिद मीर पर प्रस्ताव गिर जाने के बाद भारत ने संयुक्त राष्ट्र पर भी सवाल उठाए हैं।

### भारत में टेस्ला की जल्द होगी एंट्री

## पीएम मोदी से मुलाकात के बाद मस्क को भरोसा



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला की भारत में जल्द एंट्री हो सकती है। विगत मंगलवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने न्यूयॉर्क में पीएम मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में ही उन्होंने मोदी से कहा कि वह भारत में निवेश करना चाहते हैं। जितनी जल्दी हो सके वह भारत में इंवेस्मेंट करने के लिए तैयार हैं और अगले साल भारत दौरे पर आने का प्लान है। बता दें कि पीएम मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिकी दौरे पर हैं। मस्क जल्द करेंगे

**भारत में निवेश :** मस्क ने कहा कि मोदी का विजन काफी सकारात्मक है। बात करें कि देश में नई कंपनियों को लेकर तो उनको लेकर भी वे अच्छी सोच रखते हैं। वे भारत में निवेश के लिए हर समय तैयार रहते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि मेरी कंपनी (टेस्ला और स्टारलिंक) जल्द ही भारत में निवेश करने में सक्षम होगी। उन्होंने आगे कहा कि सौर ऊर्जा, बैटरी, इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत सस्टेनेबल एनर्जी के मामले में भारत के पास ठोस संभावनाएं हैं।

## कारोबार

### 2022-23 में अबतक सरकार ने खरीदे 830 लाख टन धान

# 1.22 करोड़ किसानों को हुआ फायदा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने विपणन सीजन 2022-23 में अबतक 830 लाख टन से अधिक धान की खरीदारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की है। जिससे लगभग 1.22 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचा है। फूड मिनिस्ट्री ने बुधवार को एक प्रेस रिलीज जारी कर यह जानकारी दी है। प्रेस रिलीज में आगे कहा गया है कि अब तक 171,000 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किया जा चुका है। इस साल चल रहे रबी विपणन सीजन (आरएमएस) 2023-24 के दौरान गेहूं की अच्छी खरीद देखने को मिल रही है। अब तक गेहूं की खरीद 262 लाख टन हुई है, जो पिछले साल की कुल खरीद 188 लाख टन से काफी अधिक है। लगभग 55,680 करोड़ रुपये के एमएसपी भुगतान के साथ चल रहे गेहूं खरीद कार्यों से लगभग 21.29 लाख किसान पहले ही लाभान्वित हो चुके हैं। गेहूं खरीद में सबसे अधिक योगदान पंजाब,



मध्य प्रदेश और हरियाणा राज्य का रहा है। पंजाब ने 121.27 एलएमटी, मध्य प्रदेश ने 70.98 एलएमटी और हरियाणा ने 63.17 एलएमटी धान की खरीद की है। केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी भारतीय खाद्य निगम अन्य राज्य एजेंसियों के साथ मूल्य समर्थन योजना के तहत धान की खरीदारी करती है। खरीदे गए धान को मिल में ले जाकर चावल बनाया जाता है। उसके बाद इस चावल को विभिन्न खाद्य सुरक्षा योजनाओं के तहत जनता के बीच बांटा जाता है। वर्तमान समय में सरकार के पास गेहूं और चावल का स्टॉक 570 लाख मेट्रिक टन (एलएमटी) है, जो कि देश के खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक माना जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य वह दर होता है जिस पर सरकार किसानों के फसल को खरीदती है। इस तय कीमत से कम पर सरकार किसानों के फसल को खरीद ही नहीं सकती है। इसलिए यह एक तरह से सरकार की तरफ से किसानों की फसलों के लिए दिया गया गारंटी है। इसका फायदा ये होता है कि अगर बाजार में किसी फसल की कीमत गिर भी जाती है तो सरकार एमएसपी मूल्य पर उस फसल को खरीदेगी ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। भारत में तीन फसली मौसम होते हैं- ग्रीष्म, खरीफ और रबी। जून-जुलाई में बोई जाने वाली और अक्टूबर-नवंबर में काटी जाने वाली फसलें खरीफ होती हैं। अक्टूबर-नवंबर के दौरान बोई जाने वाली फसलें और परिपक्वता के आधार पर जनवरी-मार्च में काटी जाने वाली फसल रबी है।

### नेपाल के पोखरा एयरपोर्ट पर चीन से आई पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरी गई। चीन की सिचुआन एयरलाइंस ने बुधवार को चेंगदू से पोखरा के लिए पहली उड़ान भरी। चीन से आए विमान से 130 यात्री पोखरा में उतरे हैं। नेपाल की नेशनल असेंबली के स्पीकर गणेश प्रसाद तिमिलसीना, सांसद प्रदीप यादव, धवल शमशेर जबरा, दीपा गुरुंग, उदय बहादुर बोहरा, हरिशंकर चौधरी और जीवन चौधरी सहित 9 सदस्यीय टीम भी चीन से आए विमान से उतरे है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने इस साल 1 जनवरी को इसका उद्घाटन किया लेकिन पोखरा में अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई थी। पोखरा एयरपोर्ट 305 मिलियन डॉलर की लागत से बनाया गया, जिसमें 215 मिलियन चीन के एक्ज़िम बैंक, 30 मिलियन एशियाई विकास बैंक और 11 मिलियन डॉलर ओपेक फंड से लिए गए हैं। बाकी का निवेश नेपाल सरकार ने किया है। पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग द्वारा बनाया गया। चीन ने बीआरआई के तहत पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की बात कही है।

# खाड़ी देशों से निवेश के साथ आर्थिक पुनरुद्धार की निगरानी करेगी पाक सेना

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने एक 'आर्थिक पुनरुद्धार योजना' पेश की है, जिसे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से बड़ा बताया जा रहा है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, योजना मुख्य रूप से खाड़ी देशों से स्थानीय विकास और विदेशी निवेश के माध्यम से प्रमुख क्षेत्रों में देश की अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने पर केंद्रित है। एक प्रमुख कैबिनेट मंत्री ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून को बताया, यह आर्थिक सुधार परियोजना (एसआईएफसी) सीपीईसी की तुलना में एक बड़ी आर्थिक परियोजना साबित होगी। मंत्री ने कहा, परियोजना पाकिस्तान के विकास के लिए एक गेम चेंजर है। उन्होंने कहा, खाड़ी देशों से निवेश आएगा और परियोजनाओं के समन्वय में सेना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी ।एक सूत्र के हवाले से बताया, अगर यह परियोजना 2035 तक पूरी हो जाती है, तो पाकिस्तान एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। नई योजना की घोषणा सीपीईसी



सौदे पर हस्ताक्षर की 10वीं वर्षगांठ के कुछ दिन पहले की गई है, जिसे गेम चेंजर परियोजना के रूप में भी करार दिया गया। इस परियोजना पर तत्कालीन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सरकार के दौरान 5 जुलाई, 2013 को हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि, अब तक, इस्लामाबाद द्वारा अपनी विभिन्न प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहने के कारण 62 बिलियन डॉलर की नियोजित राशि में से 25 बिलियन डॉलर से कम चीनी निवेश किया गया है। सूत्र ने कहा, एसआईएफसी के तहत, अगले चार से पांच वर्षों में 15 से 20 मिलियन लोगों को सीधे रोजगार के अवसर और अन्य 75 से 100 मिलियन लोगों को अप्रत्यक्ष नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही, एसआईएफसी परियोजना अगले चार से पांच वर्षों में 70 अरब डॉलर का निर्यात और समान राशि का आयात प्रतिस्थापन उत्पन्न करेगी। (एसआईएफसी) योजना से पाकिस्तान का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी 100 बिलियन डॉलर बढ़ जाएगा। अपने भाषण में, जनरल असीम मुनीर ने पुनरुद्धार योजना के लिए सरकार के प्रयासों के पूरक के लिए सेना के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया, जिसे पाकिस्तानियों की सामाजिक-आर्थिक समृद्धि के लिए मौलिक माना जाता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## जम्मू-कश्मीर में श्री बुद्ध अमरनाथ यात्रा 18 अगस्त से शुरू

**मंडी।** इस साल श्री बुद्ध अमरनाथ यात्रा की दस दिवसीय तीर्थयात्रा 18 अगस्त से शुरू होगी और जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में 28 अगस्त को समाप्त होगी। एक अधिकारी ने बुधवार को यहां बताया, श्री बुद्ध अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था 18 अगस्त को जम्मू से पुंछ के लिए रवाना होगा। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए औपचारिक भूमि पूजन 17 अगस्त को किया जाएगा और यात्रा का समापन 28 अगस्त को होगा। एक स्थानीय ने बताया कि श्री बुद्ध अमरनाथ मंदिर जम्मू क्षेत्र के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। यह पुंछ जिले की मंडी तहसील के राजपुरा गांव में स्थित है। उन्होंने कहा कि पुलसता नदी मंदिर के पास से बहती है और नदी के साथ एक पौराणिक कथा जुड़ी हुई है और इसका नाम रावण के दादा ऋषि पुलसता के नाम पर रखा गया है।



बफीर्ली सियाचिन की चोटियों पर भारतीय सेना और नौसेना ने बुधवार को नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया। *(फोटोः आईएएनएस)*

## भारत, ब्राजील ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और ब्राजील ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, ऊर्जा, स्वास्थ्य, साइबर, रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मतबूत बनाने को लेकर चर्चा की एवं अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ब्रासिलिया में 20 जून को भारत और ब्राजील विदेश कार्यालय विचार विमर्श स्तर की दूसरी बैठक में इस बारे में चर्चा की गई। बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने किया वहीं ब्राजील के शिष्टमंडल का नेतृत्व वहां के विदेश मंत्रालय में एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के सचिव एदुआर्दो साबोया ने किया। बयान के अनुसार, इस बैठक में दोनों पक्षों को अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, ऊर्जा, स्वास्थ्य, साइबर, रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा करने का अवसर मिला। इसमें कहा गया है, दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संस्थागत तंत्र के तहत नियमित बैठकों का स्वागत किया और आगामी दिनों में होने वाली उच्च स्तरीय बैठकों के महत्व को रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने पिछले दो साल में द्विपक्षीय व्यापार में तीव्र वृद्धि की सराहना की और दोनों देशों के कारोबारियों के बीच उच्च स्तरीय बैठकों सहित द्विपक्षीय संपर्कों को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान प्रदान किया और संयुक्त राष्ट्र, जी20, ब्रिक्स और आईबीएसए सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर आपसी समन्वय बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

# आतंकवाद बांटता है, पर्यटन जोड़ता है : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद बांटता है, लेकिन पर्यटन जोड़ता है। इसमें सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने की क्षमता है जिससे एक सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण होता है। उन्होंने गोवा में जी20 पर्यटन मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यटन के प्रति भारत का धष्टिकोण प्राचीन संस्कृत श्लोक 'अतिथि देवो भव' पर आधारित है। बैठक को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने आगे कहा, पर्यटन के क्षेत्र में भारत के प्रयास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करते हुए अपनी समृद्ध विरासत को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा, भारत सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए पर्यटन क्षेत्र की प्रासंगिकता को भी पहचान रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, सरकारों, उद्यमियों, निवेशकों



और शिक्षाविदों के बीच सहयोग से पर्यटन क्षेत्र में तकनीकी कार्यान्वयन में तेजी आ सकती है। पीएम मोदी ने कहा, ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, स्किल डेवलपमेंट और यहां तक कि हमारे वीजा सिस्टम में भी हमने टूरिज्म सेक्टर को अपने रिफॉर्म्स के केंद्र में रखा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में टूरिज्म क्षेत्र में रोजगार सृजन, सामाजिक समावेश और आर्थिक प्रगति की काफी संभावनाएं हैं।

### वैश्विक आंदोलन बन गया है योग : प्रधानमंत्री मोदी

**पीएम** ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को कहा कि भारत ने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परम्पराओं को पोषित किया है और योग के माध्यम से विरोधाभाषों, बाधाओं और प्रतिरोधों को खत्म करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा कि भारतीयों ने हमेशा नए विचारों का स्वागत किया है और उन्हें संरक्षण दिया है तथा देश की समृद्ध विविधता का जश्न मनाया है। उन्होंने कहा, भारत की संस्कृति हो या समाज संरचना, भारत का आध्यात्म हो या उसके आदर्श, भारत का दर्शन हो या दृष्टि, हमने हमेशा जोड़ने, अपनाने और अंगीकार करने वाली परम्पराओं को पोषित किया है। हमने नए विचारों का स्वागत किया है, उन्हें संरक्षण दिया है। हमने विविधताओं को समृद्ध किया है, उनका जश्न मनाया है। देशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने कहा कि योग का प्रसार भारत के विचार का विस्तार है, जो पूरे संसार को एक परिवार के रूप में समाहित करता है। उन्होंने कहा, योग के विस्तार का अर्थ है- 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना का विस्तार। इसलिए इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी-20 सम्मेलन का विषय भी एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक ऐसे स्वस्थ और सामर्थ्यशाली समाज का निर्माण करता है, जिसकी सामूहिक ऊर्जा कई गुना ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में स्वच्छ भारत जैसे संकल्पों से लेकर स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों तक, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से लेकर सांस्कृतिक भारत के पुनर्निर्माण तक, देश तथा देश के युवाओं में जो असाधारण गति दिखी है।

# सदानंद फाउंडेशन सौ से ज्यादा योग शिक्षकों को भेज रहा विदेश

**आरएनएम। नई दिल्ली**

2015 में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की शुरूआत हुई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' का विचार सदस्य राष्ट्रों के सामने रखा गया था। इसके बाद 11 दिसंबर, 2014 को यूएन के 193 सदस्य देश, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित करने पर सहमत हुए। 21 जून, 2015 को जब पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, तो उसके बाद दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय योग शिक्षकों की मांग बढ़ने लगी। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, अफ्रीका, हंगरी, बुल्गारिया और स्पेन सहित अनेक देशों में आज बड़ी तादाद में लोग योग सीख रहे हैं। भारतीय योग शिक्षकों पर डॉलर बरसने लगा है। हर साल सैंकड़ों भारतीय योग शिक्षक, किसी न किसी देश में पहुंच रहे हैं।

**इंटरनेशनल फाउंडेशन ऑफ योगा प्रोफेशनल्स कैसे हुआ शुरू :** उप्र के औरैया जिले में स्थित गेल में कार्यरत सदानंद, जिन्होंने इंटरनेशनल फाउंडेशन ऑफ योगा प्रोफेशनल्स (आईएफवाईपी) जैसे बड़े संगठन को खड़ा करने में अहम योगदान दिया है। वह कहते हैं , आज योग एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है।

### 35 हजार से ज्यादा योगाचार्य जुड़े हैं आईएफवाईपी से

सदानंद के मुताबिक, जब आयुष मंत्रालय ने क्यूसीआई द्वारा योग प्रोफेशनल प्रमाणन की योजना शुरू की, उसके बाद 35 हजार से ज्यादा योगाचार्य प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर आईएफवाईपी से जुड़ चुके हैं। लोगों को योग की ट्रेनिंग दी और फिर उन्हें विदेश में योगाचार्य की जॉब दिलवाई। भारतीय योग शिक्षकों पर डॉलर की बरसात होने लगी। अब लक्ष्य यह है कि अपने देश के हर गांव-शहर और सरकारी-गैर सरकारी संगठन, सब जगह पर कम से कम एक योगाचार्य रहे, जो लोगों को मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ रख सके।

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर चार तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी। बीकानेर**

बीएसएफ के जवानों ने एक बार फिर पाकिस्तान की नापाक हरकत को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक ड्रोन एवं दो किलो हेरोइन बरामद किया गया। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपये है। बीकानेर सेक्टर के डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बुधवार सुबह बताया कि पाकिस्तान द्वारा मादक पदार्थों की सप्लाई ड्रोन के द्वारा की जानी थी, जिसे बीएसएफ की जी ब्रांच और जवानों ने मंगलवार रात्रि नाकाम कर दिया। बीएसएफ की जी ब्रांच अपने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर पहले से ही इस इलाके में सक्रिय थी एवं इस इलाके में तस्करी की घटनाओं को देखते हुए इस इलाके को सतर्क कर रखा था। तस्करी की पुख्ता जानकारी मिलने पर बीएसएफ के जवानों ने कमांडेंट पवन कुमार के दिशा-निर्देशन में संदिग्ध जगहों पर नाकाबंदी की। उप कमांडेंट दीपेन्द्र सिंह शेखावत के निर्देशन में जी ब्रांच एवं बीएसएफ की टीम इलाके में तैनात थी। बीएसएफ को ड्रोन की आवाज सुनाई दी और कंपनी कमांडर उदयन कुमार के नेतृत्व में बीएसएफ टीम ने उसका पीछा किया और उस जगह पर घेराबंदी करके सर्च अभियान चलाया गया तो एक ड्रोन एवं दो पैकेट में मादक पदार्थ हेरोइन पाई गई।

# कोविड सेंटर घोटाला : महाराष्ट्र में मुंबई समेत कई शहरों में ईडी की छापेमारी

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में कोविड सेंटर फजीवाड़ा केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को मुंबई समेत कई शहरों में छापेमारी की है। यह छापेमारी सूरज चव्हाण और सुजीत पाटकर के यहां हुई है, लेकिन ईडी की ओर से अभी नामों की पुष्टि नहीं की गई है। कोरोना महामारी के दौरान लाइफलाइन कंपनी के घोटाले में ईडी ने मामला दर्ज किया था। राज्य के मुंबई, पुणे सहित कुछ शहरों में ईडी की रेड अभी भी जारी है। अकेले मुंबई शहर में 10 जगहों पर ईडी ने छापेमारी की है। कोरोना काल के दौरान मुंबई




में कई कोविड सेंटर बनाए गए थे। ऐसा ही एक कोविड सेंटर मुंबई के दहिसर में शुरू किया गया था। ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत के बेहद करीबी बिजनेसमैन सुजीत पाटकर ने ये कोविड सेंटर बनाया था। इसके लिए सुजीत पाटकर ने रातोंरात एक कंपनी बनाई, जिसे लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विस नाम दिया गया था। जानकारी के मुताबिक दहिसर में शुरू किया गया कोविड सेंटर 242 ऑक्सीजन बेड वाला था। सुजीत पाटकर को इसका ठेका मिला था। इसे चलाने के लिए जून, 2020 में बीएमसी से एग्रीमेंट किया गया। ईडी को उनके घर पर छापे के दौरान एक कागज मिला था। इसी के आधार पर आरोप है कि कोविड अस्पतालों में प्रबंधन के लिए बीएमसी के साथ किये गए समझौते के मुताबिक कार्य करने के बजाय घपलेबाजी की गई है।




### विद्या बालन की फिल्म 'नीयत' का टीजर आउट



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस विद्या बालन फिल्म इंडस्ट्री का जाना माना नाम है। उन्होंने हमेशा ऐसी फिल्में की हैं, जहां अभिनेत्री का किरदार कहानी का हीरो बन जाता है। डर्टी पिक्चर, कहानी जैसी फिल्में इसका अच्छा उदाहरण हैं। कई ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद अब विद्या बालन एक बार फिर फिल्म नीयत से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। नीयत अनु मेनन द्वारा निर्देशित एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है। अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म में जासूस मीरा राव की भूमिका में नजर आएंगी, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाएंगी। विद्या बालन ने हाल ही में अपनी फिल्म का टीजर रिलीज किया है। विद्या बालन की फिल्म के इस धमाकेदार टीजर को देखकर फैंस ने गजब के रिएक्शन दिए हैं। दर्शक प्रतिक्रिया दे रहे हैं कि वे इस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकते। इस फिल्म का टीजर आज 21 जून को रिलीज कर दिया गया है।

### रश्मिका मंदाना ने एनिमल की शूटिंग की पूरी



**अभिनेत्री** रश्मिका मंदाना ने अपनी आने वाली फिल्म एनिमल की शूटिंग पूरी कर ली है। रश्मिका मंदाना ने फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर के अपोजिट नजर आयेंगी। रश्मिका मंदाना ने बताया कि उन्होंने फिल्म एनिमल की शूटिंग पूरी कर ली है। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई स्टोरी में रश्मिका ने 'एनिमल' की कास्ट की तारीफ की। रश्मिका मंदाना ने लिखा, फिल्म एनमिल अचानक मेरे पास आई। मैं आश्चर्यजनक थी लेकिन वास्तव में मैं एनिमल के लिए बेहद उत्साहित भी थी। निश्चित रूप से मैं पूरी टीम के साथ काम करना चाहती थी। मुझे लगता है कि मैंने फिल्म के लिए लगभग 50 दिनों तक शूटिंग की है।

**योग दिवस** रक्षा मंत्री ने कोच्चि में समेकित सिम्युलेटर परिसर 'ध्रुव' का किया उद्घाटन

# नौसेना कर्मियों को प्रशिक्षण में मिलेगी मदद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के बाद कोच्चि के दक्षिणी नौसेना कमान में समेकित सिम्युलेटर परिसर (आईएससी) 'ध्रुव' का उद्घाटन किया। इससे भारतीय नौसेना कार्मिकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही इन सिम्युलेटरों का उपयोग मित्र देशों के कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए भी किया जाएगा। आईएनएस विक्रांत के डेक पर सुंदर, नीले आकाश और शांत हवा की पृष्ठभूमि में प्राचीन भारतीय योग का उत्सव मनाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सुबह नौसेनाध्यक्ष और नौसेना कर्मियों के साथ योग किया। विशेष योग प्रशिक्षकों ने फिजिकल फिटनेस, मानसिक




शांति तथा आध्यात्मिक आरोग्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न आसनों और श्वास अभ्यासों को करने में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। योगाभ्यास सत्रों के बाद रक्षा मंत्री ने योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया और प्रतिभागियों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने दक्षिणी नौसेना कमान में समेकित सिम्युलेटर परिसर (आईएससी) ध्रुव' का उद्घाटन किया। राजनाथ सिंह ने इन सिम्युलेटरों के विकास में शामिल कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ भी परस्पर बातचीत की। रक्षा मंत्री ने मल्टी स्टेशन हैंडलिंग सिम्युलेटर, एयर डायरेक्शन और हेलीकॉप्टर नियंत्रण सिम्युलेटर तथा एस्ट्रो नेविगेशन डोम का अवलोकन किया। नई दिल्ली स्थित एआरआई प्रा.लि. ने बनाकर शिप हैंडलिंग सिम्युलेटर का 18 देशों में निर्यात किया है। इंफोविजन टेक्नोलॉजीज प्रा.लि. में बनाया गया एस्ट्रो नेविगेशन डोम भारतीय नौसेना में अपनी तरह का पहला डोम है। डीआरडीओ प्रयोगशाला के इंस्टीच्यूट फॉर सिस्टम्स स्टडीज एंड एनालिसिस में विकसित एयर डायरेक्शन और हेलीकॉप्टर नियंत्रण सिम्युलेटर प्रशिक्षुओं को वास्तविक समय प्रचालनगत वातावरण परिदृश्य उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। प्रौद्योगिकी के मामले में उन्नत ये सिमुलेटर ह्यआत्मनिर्भर भारत' पहल का संकेत हैं, जिनसे राष्ट्र के लिए बड़ी निर्यात क्षमता की संभावना है।

# एक्टर अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना 'एगो चुम्मा' हुआ रिलीज

**युवा** दिलों की धड़कन के नाम से भोजपुरी इंडस्ट्री में जाने जाने वाले सिंगर एक्टर अरविंद अकेला कल्लू का नया भोजपुरी गाना 'एगो चुम्मा' रिलीज हो गया है। कल्लू का गाना रिलीज होने के बाद एक दिन से भी कम समय के अंतराल पर मिलियन के आंकड़े को छूने वाला है। यह गाना टी सीरीज हमार भोजपुरी ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने भोजपुरी म्यूजिक की वॉइस सेंसेशन शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है, जिसे दर्शक अपना बेशुमार प्यार दे रहे हैं। गाना 'एगो चुम्मा' को भोजपुरी में फिर से क्रिएट किया गया है। इससे पहले इस गाने की ओरिजिनल ट्रैक के साथ 'गवनवा ले जा राजा जी' एल्बम बनाया गया था, जिसे भोजपुरी की लीजेंड सिंगर कल्पना पटवारी ने गाया था और इसके लिरिक्स विनय बिहारी ने बनाए थे, जबकि म्यूजिक डायरेक्टर राकेश गुप्ता थे।

